

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-301 सीहोर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### केजरीवाल का नया दांव

# अगले पांच साल में दिल्ली से खत्म होगी बेरोजगारी

## हर युवा को मिलेगा रोजगार, हमारी कार्ययोजना तैयार



नई दिल्ली,(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है। यह देखकर राजनैतिक दलों ने वादों की झड़ी लगा दी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने अगले पांच साल के भीतर दिल्ली में बेरोजगारी खत्म करने का संकल्प लिया। वीडियो संदेश में केजरीवाल ने रोजगार पर अपना ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे युवाओं को रोजगार प्रदान करना होगी। हमारी टीम बेरोजगारी के मुद्दे के समाधान के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रही है।केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में आप सरकार ने दो साल से भी कम समय में 48,000 सरकारी नौकरियां प्रदान कीं और युवाओं के लिए तीन लाख से अधिक निजी क्षेत्र की नौकरियों में मदद की। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि रोजगार कैसे पैदा किया जाता है और हमारे इरादे ईमानदार हैं।इसके पहले 22 जनवरी को केजरीवाल ने देश के मिडिल क्लास के मुद्दों को उठाया था। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के तहत सभी 70 सीटों के लिए मतदान होना है। इसके पहले संसद में 1 फरवरी 2025 को देश का आम बजट पेश किया जाएगा। केजरीवाल ने 22 जनवरी को देश के मिडिल क्लास को संबोधित कर कहा कि वह स्वयं और उनके सांसद सड़क से संसद तक मिडिल क्लास के मुद्दों को उठाएंगे।

### अदालत ने फर्जी पहचान के साथ भारत में रहने के आरोप में अफगान नागरिक को दोषी ठहराया

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने एक अफगान नागरिक को गलत पहचान के साथ भारत में रहने का दोषी ठहराया है।

अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत के तामेर जुरमत जिले के मूल निवासी हबीबुल्लाह प्रांग उर्फ जहीर अली खान (38) को 2007 से मुंबई के वडाला में रहने के लिए जाली दस्तावेजों का उपयोग करने का दोषी पाया गया है।अदालत ने प्रांग को 11 महीने कैद की सजा सुनाई और 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने उसे अफगानिस्तान निर्वासित करने का भी आदेश दिया।मुंबई की क्राइम ब्रांच यूनिट-5 ने प्रांग के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), पासपोर्ट अधिनियम, विदेशी नागरिक आदेश और विदेशी नागरिक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी पर जालसाजी, जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने और विदेशी पंजीकरण नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोटेगांव (नरसिंहपुर) में जनता का अभिवादन किया

### भाजपा सरकार पर अखिलेश यादव का तीखा हमला, कहा- झूठ और लूट की नीति पर चल रही है सरकार

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नव्व अखिलेश यादव ने भाजपा की सरकार पर जमकर हमला



बोला है। उन्होंने भाजपा को झूठी पार्टी करार देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार झूठ और लूट की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता को ठगने के लिए हर विभाग और योजना में लूट की है, और उसके द्वारा किए गए सारे वादे सिर्फ झूठ साबित हुए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, छात्रों और व्यापारियों से झूठे वादे किए थे, जिनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भाजपा ने उनकी आय दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय उनकी आय घट रही है और उन्हें उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है।

## नेताजी की जयंती पर संसद के सेंट्रल हॉल में हुआ विशेष आयोजन



नई दिल्ली,(ए.)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विशेष आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने

### बच्चों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आयोजन में पीएम मोदी समेत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। पुष्पांजलि के उपरांत पीएम मोदी वहां मौजूद स्कूली बच्चों से मिले थे और बीच पहुंचे और उनसे चर्चा की। बच्चों ने नेताजी की तरह टोपी पहनी हुई थी, जबकि पीएम मोदी ने भी उनकी ही तरह ओवरकोट पहना हुआ था। इस अवसर पर पीएम मोदी ने मौजूद बच्चों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

### फरवरी में फ्रांस दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, दोनों देश अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

नई दिल्ली,(ए.)। भारत और फ्रांस के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का आगामी फ्रांस दौरा इस रिश्ते को और गहरा बनाने के लिए एक अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी 10-11 फरवरी को पेरिस दौरे पर जाएंगे इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। फ्रांस और भारत ने हाई-टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ाने का फैसला किया है। इससे रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों मिलने की उम्मीद है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर गृह मंत्रालय सख्त, डीजीपी और मुख्य सचिव को जारी किया ये निर्देश

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखित निर्देश जारी करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। इससे पहले शिवसेना के नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिए जाने के बाद राहुल शेवाले ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (टीआईएसएस) के विशेष सर्वेक्षण के अनुसार, देश में बांग्लादेश और म्यांमार से हर साल अवैध तरीके से बड़ी तादाद में घुसपैठिए आते हैं। इस गंभीर विषय की ओर ध्यान देकर इन घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग मैंने गृह मंत्री अमित शाह से की थी। मेरे इस आवेदन को ध्यान में रखते हुए इस विषय में उचित सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश गृह मंत्रालय की ओर से दिए गए। मैं गृह मंत्रालय और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

## जलगांव रेल दुर्घटना : 13 मृतकों में चार नेपाली नागरिक शामिल, राहुल गांधी बोले- 'दोषियों को सख्त सजा मिले



नई दिल्ली , (आरएनएस)। महाराष्ट्र के जलगांव रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को इस हादसे की तुरंत जांच और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की ख़बर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करें कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। उन्होंने आगे कहा, मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करें। आग लगने की अफवाह कैसे फैली और इतना भीषण हादसा कैसे हुआ इसकी त्वरित जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।महाराष्ट्र के जलगांव में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। जिसके बाद कई यात्री ट्रेन से कूद गए और दूसरी आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। जलगांव के कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा प्रस्तुत महाराष्ट्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार को लगभग 5:05 बजे हुई। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, कुल 13 लोगों की मौत हुई है और 10 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक शामिल हैं। 13 मृतकों में से सात की पहचान हो गई है, जबकि छह के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं।

### उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में अब नहीं ले जा सकेंगे ये चीज, मंदिर समिति ने लगाई रोक

उज्जैन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में श्रद्धालुओं के मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी गई है। भस्म आरती में मौजूद रहने वाले पुजारियों के संदर्भ में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले काफी दिनों से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में रील बनाने के मामले सामने आए हैं। इसके बाद से मोबाइल के ले जाने पर रोक लगाए जाने की मांग उठ रही थी।मंदिर समिति के सुरक्षा अधिकारी जयंत सिंह राठौड़ ने बताया है कि महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होने वाली भस्म आरती के दौरान मोबाइल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। 23 जनवरी से यह नियम लागू होगा। उन्होने बताया है कि श्रद्धालुओं से मोबाइल मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही जमा करवा लिए जाएगा और लौटते वक्त दिए गए टोकन नंबर में माध्यम से मोबाइल लौटा दिया जाएगा।

### कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा को दी जाएगी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर इस साल झारखंड की झांकी में जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी जाएगी जिनका 86 वर्ष की उम्र में 9 अक्टूबर 2024 को



निधन हो गया था। इस बार झारखंड की झांकी में मुख्य आकर्षण जमशेदपुर होगा, वह शहर जिसके विकास में रतन टाटा का काफी योगदान रहा था। यह देश के पहले स्टील सिटी के रूप में भी जाना जाता है।स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर दक्षिण-पूर्वी झारखंड में स्थित जमशेदपुर देश की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक है।जमशेदजी टाटा के नाम पर, जिन्होंने 1907 में वहां एक स्टील प्लांट स्थापित किया था, जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहरी केंद्र और एक महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा परिवहन केंद्र है।इस साल की झांकी में झारखंड के विकास में रतन टाटा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। झांकी में टाटानगर के नाम से विख्यात जमशेदपुर की औद्योगिक इकाइयों का एक मनोरम दृश्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।औद्योगिक उपलब्धियों के साथ-साथ, इस झांकी में झारखंड के पारंपरिक नृत्य रूपों, हस्तशिल्प और कला को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### 7 साल पुराने मामले में राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा

मुंबई (आरएनएस)। फिल्म(नई दिल्ली) निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा को सात साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया है और 3 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा सुनाई है।सुनवाई के दौरान हाजिर न होने की वजह से चेक बाउंस केस में कोर्ट ने रामगोपाल वर्मा के खिलाफ नॉन वारेंट इश्यू किया है। कोर्ट का ये फैसला उनके नए प्रोजेक्ट सिंडिकेट की घोषणा के पहले आया है।राम गोपाल वर्मा मंगलवार को लगभग सात साल पुराने केस में सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं थे। कोर्ट ने सेक्शन 138 के तहत राम गोपाल वर्मा को आरोपी माना और इस मामले में शिकायतकर्ता को राम गोपाल की तरफ से 3.72 लाख मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

### तीसरी आंख




### गर्भवती महिला को सड़क न होने के कारण खाट पर जन्मा बच्चा, एम्बुलेंस स्टाफ की मानवीयता की सराहना

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में विकास के तमाम दावों के बीच एक बार फिर जो तशवीरें सामने आई है वो आपको झकझोर देंगी जब एक गर्भवती महिला को रात का अँधेरे में लोगों के कन्धों पर खाट के ऊपर बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस मामले में सुखद बात ये है कि माँ और नवजात दोनो मजफूज है। मामला दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के डोला गाँव का है यहाँ रहने वाली प्रसूता शारदा अहिरवाल को बीती रात दर्द हुआ उसकी डिलवरी होनी थी। परिजनों ने 108 एम्बुलेन्स को कॉल किया और एम्बुलेन्स भी पहुंच गई लेकिन महिला और एम्बुलेन्स के बीच की दूरी दो किलोमीटर तब भी थी क्योंकि मेन रोड से गावँ तक का दो किलोमीटर का सफर् एम्बुलेन्स चाह कर भी पूरा नही कर पा रही थी क्योंकि डोला गावँ तक पहुंचने सडक ही नही थी। शारदा दर्द से तड़प रही थी अस्पताल तक जाने एम्बुलेन्स भी खड़ी थी लेकिन सब बेबस थे। इस बीच एम्बुलेन्स के स्टाफ ड्रायवर ने मानवीयता का परिचय दिया ये लोग पैदल ही गावँ तक पहुंचे, पीड़ित महिला को खाट पर लिटाया और जंगली पगडंडी वाले रास्ते से खाट पर लेकर सफर शुरू किया। महिला एम्बुलेन्स तक पहुंचती उसके पहले ही रास्ते मे महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। जैसे तैसे खाट पर जन्मे बच्चे और मां को लेकर एम्बुलेन्स तक लाया गया और फिर दोनो को जिला अस्पताल लाया गया जहां महिला को दाखिल कराया गया है।

## शिक्षा अधिकारी के घर मिला कुबेर का खजाना, इतना कैश मिला कि मशीनें गिन रहीं पैसा




पटना ,(आरएनएस)। बिहार के बेतिया जिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी पर कुबेर का खजाना मिला है। विशेष निगरानी इकाई ने गुरुवार को पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी के ठिकानों पर छापा मारा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण ने अपनी 20 वर्षो की सेवा में करोड़ों की अवैध कमाई की। विजिलेंस की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की तो घर से बड़े पैमाने पर कैश बरामद हुआ। यह रकम इतनी बड़ी है कि बिस्तरों पर नोटों के बंडल दिख रहे हैं और इस कैश कि गिनती के लिए मशीनें लगाई गई हैं।

अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर जिस समय विजिलेंस की टीम छापेमारी को पहुंची तो वह पूजा कर रहे थे। विजिलेंस की टीम ने बेतिया में रजनीकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की है तो वहीं समस्तीपुर में सुसराल और दरभंगा में भी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी मिली है कि इन्होंने पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये कमाए। छापामारी की यह कार्रवाई बेतिया, समस्तीपुर और दरभंगा में चल रही है। विशेष निगरानी इकाई को छापामारी के दौरान भारी मात्र में नकद बरामद हुआ है। विशेष निगरानी इकाई को विश्वसनीय स्रोत से जानकारी प्राप्त हुई थी कि रजनी कांत प्रवीण, जो वर्तमान में जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के पद पर पदस्थापित हैं, ने वर्ष 2005 से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से आपराधिक षडयंत्र को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 1,87,23,625 रुपये की भारी चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी आय के वैध स्रोत से अधिक है।रजनी कांत प्रवीण बिहार राज्य शिक्षा विभाग के 45वें बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष 2005 में सेवा में आये और दरभंगा, समस्तीपुर एवं बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। उनकी कुल सेवा अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषुमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी है और वर्तमान में ओपन माइंड बिरला स्कूल, दरभंगा की निदेशक, वास्तविक मालिक के रूप में कार्य कर रही हैं और रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन से इस संस्थान कर रही है।

### यहां मुर्दो के सिर हो रहे गायब, कब्रों को खोदे जाने से मची सनसनी

पटना, (आरएनएस)। बिहार के भागलपुर के सन्हौला प्रखंड में कब्रिस्तान में कब्रों को खोदकर शवों का सिर गायब किए जाने के मामले सामने आने से सनसनी मच गई। ये घटना प्रखंड क्षेत्र के फाजीलपुर सकरामा पंचायत के अशरफ नगर गांव के उत्तर में स्थित बहियार के पास कब्रिस्तान की है। यहां पर कई कब्रें खोदी हुई मिली हैं। इन कब्रों के अंदर गाड़े गए शव के सिर गायब हैं, जिसके बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। असरफनगर में तस्कर कब्र की इस कदर खुदाई करते हैं कि सिर्फ सिर तरफ का हिस्सा ही निकलता है।ग्रामीणो की मानें तो ऐसा कुकृत्य उस इलाके में पांचवी बार हो चुका है। इस बार महिला के दफन शव को गायब कर दिया गया। महिला स्थानीय मोहम्मद बदरुजम्मा की मां थीं। साढ़े पांच महीने पहले मौत होने के बाद बदरुजम्मा ने उन्हें दफनाया था। लोगों के शिकायत के बावजूद इस पर पुलिस का ध्यान नहीं है। अभी यह पता नहीं चला है कि इस कृत्य को एक व्यक्ति अंजाम देता है या कोई गिरोह।

# भारतीय खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में बनाई है पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**-सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध**

**-17 अलग- अलग धार्मिक स्थानों में की जायेगी शराबबंदी**

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो-कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित कर कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जन शिक्षकों की भर्ती की गई है।

**11 लाख रूपए की राशि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव को देने की घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपारिक खेलों के लिए किये जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता के वृहद आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से अनेकों देश- प्रदेश स्तर के खिलाड़ी बने हैं। कबड्डी का ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो गोटेगांव से खेलकर न गया हो। उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे खेलों के साथ ही समाज सेवा के कार्यों को भी सराहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम से 11 लाख रुपये की राशि समिति को देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के तारतम्य में कबड्डी लीग भी कराया जायेगा। सांसद चौ. दर्शन सिंह, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, सहयोग क्रीड़ा मंडल के संस्थापक सदस्य मुलाम सिंह पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**कबड्डी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कबड्डी के खिलाड़ियों एवं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी एकमात्र ऐसा खेल है, जिसमें भारतीय दर्शन परिलक्षित होता है।

## सौरभ शर्मा मामले में छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करेगी ईडी

भोपाल(आरएनएस)। लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद संपत्ति के दस्तावेजों को लेकर ईडी अब भोपाल के आस-पास स्थित छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करने जा रही हे। सौरभ शर्मा के यहां छापों के दौरान बरामद प्रॉपर्टी के कई कागजात अन्य नामों से भी मिले हैं। इनकी पूरी पड़ताल के लिए रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। ईडी इसके अलावा हाल ही में आयकर छपों के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ सौरभ के बिजनेस कनवेंशन की जांच भी करेगा। दोनों छापों के दौरान ये समानता देखने को मिली है कि सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के ठिकानों से भोपाल से सटे गांवों की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं। अब ईडी को यह शक है कि सौरभ और उसके राजेश का आपस में बिनेस कनेक्शन रहा है। ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेंडोरा-मेंडोरी, बरखेड़ा नाथू, बरखेड़ी बाजयाफ्त, निपानिया, रोलूखेड़ी समेत लगभग आधा दर्जन गांवों का रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के यहां छापों में भोपाल शहर से सटे इन्हीं गांवों में जमीनों की खरीदी बिक्री के कागजात मिले हैं।

## मध्यप्रदेश में पहली बार किया गया हार्ट ट्रांसप्लांट

**-पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के उत्कृष्ट समन्वय से बने जबलपुर, भोपाल, और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर**

**-चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण सोपान : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल**

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। मध्यप्रदेश ने चिकित्सा सेवाओं में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट संपन्न किया गया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग और नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और एम्स भोपाल के चिकित्सीय स्टाफ की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग जनसेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों, सहयोगी स्टाफ और पुलिस प्रशासन को बधाई दी है, जिनकी मेहनत और तत्परता से यह संभव हो पाया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मरीज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रक्रिया



में ग्रीन कॉरिडोर और पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उत्कृष्ट उपयोग किया गया। इस जनहितैषी सेवा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन की सजगता और तालमेल ने ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंगों को समय पर पहुंचाने का कार्य संभव हो सका। जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

**परिवारजनों का उदार और संवेदनशील निर्णय सराहनीय और अनुकरणीय**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सागर जिले के ग्राम मानक्याई निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों द्वारा अंगदान की पहल को महान और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने इस कठिन समय में जो उदार और संवेदनशील निर्णय लिया है, वह न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए एक मिसाल भी है। उन्होंने परिवारजनों की परोपकारिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कदम एक नई जिंदगी देने का अद्भुत उदाहरण है और मानवता की सेवा का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों से इस महान कार्य से प्रेरणा लेने और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

## पत्नी ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, पति ने मांगा तलाक

भोपाल (आरएनएस)। आस्था का महाकुंभ इन दिनों हर तरफचर्चा में है। लेकिन भोपाल के एक कपल के बीच यह तलाक का कारण बनता नजर आ रहा है। मना करने के बाद भी महाकुंभ जाने से नाराज एक पति ने पत्नी को तलाक देने की तैयारी में है। उसका कहना है, उसे साध्वी नहीं, ऐसी पत्नी चाहिए जो सजे-संवरे और उसकी इच्छाओं का ध्यान रखें। पत्नी भी जिद पर अड़ी है कि वह अपनी धार्मिक वेशभूषा नहीं बदलेगी। आमतौर पर पतियों की शिकायत होती है कि पत्नियां बनने-संवरने में बहुत पैसा और समय व्यर्थ कर देती हैं। इस मामले में पति की शिकायत है कि पत्नी न तो कभी पार्लर जाती है और न मेकअप करती है। उसे अट्रैक्टिव दिखने में दिलचस्पी नहीं है।

## राजधानी के अस्पतालां में दो-दो दिन तक नहीं बदली जातीं बेड की चादरें



भोपाल,(आरएनएस)। केरल में सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए वार्डों में हर दिन अलग-अलग रंग की चादरों के इस्तेमाल का नियम लागू किया गया है। वहां के स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि रंग तय होने से एक चादर का दूसरी बार उपयोग सात दिन बाद ही होगा। इधर, राजधानी के अस्पतालों में करीब आठ साल पहले यह नियम लागू किया गया था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से हर दिन अलग-अलग रंग की दूर, वार्डों में दो-दो दिन तक बेडशीट ही नहीं बदली जाती है। मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए बीते आठ साल में तीन बार नियमों में बदलाव भी किया जा चुका है, बावजूद स्थिति नहीं सुधरी।

## हर माह 11 लाख खर्च फिर भी सडक़ पर गौवंश

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल नगर निगम की गोवर्धन शाखा में कार्यरत नियमित अधिकारी, विनियमित और दैवेभो कर्मचारियों के वेतन, भत्ते वाहन आदि साथी चीजों को मिलाकर हर महीने करीब 11 लाख रुपये खर्च होते हैं। जबकि इस शाखा का मुख्य कार्य राजधानी की सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को पकडऩे का है। शाखा के अमले ने पिछले ढाई महीने में दो हजार गौवंश को पकड़ा है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक बेसहारा गौवंश को पकडऩे का औसतन खर्च करीब 1300 रुपये है। चौंकाने वाली बात यह है कि हर महीने लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद शहर की सडक़ों से बेसहारा गौवंश कम नहीं हो रहे। हालांकि यह आंकड़ भी ग्राम की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। शाखा प्रमुख दावा करते हैं कि शहर में 500 से अधिक डेयरियां हैं, जहां छह हजार से अधिक पशु हैं। निगम की गोवर्धन शाखा के ढाई माह के आंकड़ां के अनुसार प्रति माह करीब 800 गौवंश पकड़े जा रहे हैं।

## मत्स्य विभाग की टीम का छापा, प्रतिबंधित मांगुर मछलियां नहीं मिली



भोपाल (आरएनएस)। इंसानों के लिए घातक मानी जानी वाली मांगुर मछली के पालन और बिक्री पर सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद कुछ लोग ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में इन मछलियों का पालन और व्यवसाय कर रहे हैं। मत्स्य विभाग ने सूचना मिलने के बाद इतवारा मछली मार्किट मे छापा मारा हलाकि छापा में कुछ नहीं मिला टीम को बैरंग लौटना पड़ा। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक शिरीष अग्निहोत्री के नेतृत्व में कार्यवाही की गई है। सहायक संचालक शिरीष अग्निहोत्री ने बताया कि इससे पहले हबीबगंज मार्किट मे भी रेड की थी वहाँ भी कुछ नहीं मिला था हलाकि खबरें बराबर मिल रही है ये कार्यवाही लगातार चलती रहेगी। बता दे की मांगुर मछली पर प्रतिबंध लगाने के पीछे इससे होने वाला पर्यावरण और स्वास्थ्य को नुकसान है। मांगुर मछली के खाने से कैंसर और कई गंभीर रोग हो सकते हैं। यह मछली मांस खाती है, जिसकी वजह से इसका शरीर बहुत तेजी से बढ़ता है। मांगुर मछली में आयरन और लेड बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिसके कारण यह इंसान और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक है। कहा जाता है कि मांगुर मछली जिस तालाब या जलाशय में रहती है, वहां दूसरी प्रजाति की एक भी मछली या कीड़े-मकोड़े तक नहीं बचते।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस आज

भोपाल (ए.)। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश की सभी बालिकाओं को शुभकामनाएं दी हैं। प्रति वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2008 से शुरू किए गए इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण का उत्सव है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक बालिका को बढ़ने, सीखने और सफल होने का समान अवसर मिले। बाल विवाह जैसी प्रथाओं को रोकने के लिए बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी शिक्षा, कौशल और आत्मविश्वास को मजबूत बनाना सुनिश्चित हो। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि शिक्षा बालिकाओं के लिए सफलता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

## खुले में कचरा फेंककर मोटर साइकिल से भाग रहे व्यक्ति को निगम अमले ने दो किमी. पीछा कर पकड़ा और जुर्माना भी किया



भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने बुधवार को 962 प्रकरणों में 01 लाख 25 हजार 900 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 14 प्रकरणों में 04 हजार 400 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। जोन क्रमांक 14 के अमले ने बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में खुले में कचरा फेंककर मोटर साइकिल से भागने वाले व्यक्ति का 02 किमी. पीछा कर पकड़ा और 200 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की साथ ही खुले स्थान पर मूत्र त्यागने वाले व्यक्ति से भी जुर्माना वसूल किया। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने बुधवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राशि वसूल की। निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 02 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार 100 रूपये, जोन क्रमांक 04 के अमले ने 07 प्रकरण में 01 हजार रूपये, जोन क्र. 18 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार रूपये, जोन क्र. 09 के अमले ने 01 प्रकरण में 500 रूपये, जोन क्र. 10 के अमले ने 01 प्रकरण में 500 रूपये, तथा जोन क्र. 05 के अमले ने 01 प्रकरण में 300 रूपये सहित कुल 14 प्रकरणों में 04 हजार 400 रूपये की राषि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग पूरी तरह से सुनिश्चित करें और शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# मुख्यालय में सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण

भोपाल (निप्र)। ओल्ड इज गोल्ड की कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी। भारतीय रेलवे भी अपनी पुरानी यादों को सहेज व संजोकर भविष्य में आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षित एवं सुरक्षित रखने में पीछे नही है। पश्चिम मध्य रेल ने भी अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय कार्यालय के उद्यान में स्थापित भारतीय रेलवे की बहुमूल्य विरासत रेल इंजन सम्राट हेरिटेज लोको नं. 517 ZDM5 के बारे में उल्लेखनीय जानकारी है कि डीजल लोकोमोटिव नंबर 517 ZDM5 भारतीय रेलवे के कारखाना चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्लू) द्वारा वर्ष 1991 में निर्मित हुआ था। धौलपुर शेड के इस लोकोमोटिव ने 33 वर्षों तक भारतीय रेल के मध्य भारत के विभिन्न मार्गों पर निरंतर अपनी सेवायें प्रदान करते हुए देश के रेल परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस लोकोमोटिव में डीजल-इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन के साथ-साथ 450 एचपी का इंजन लगा था, जिससे यह लोकोमोटिव 50 किमी प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम था। उस समय यह नैरो गेज लोकोमोटिव विश्व में सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव के नाम से भी प्रचलित था। महाप्रबंधक कार्यालय उद्यान में पश्चिम मध्य रेल




महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर-कमलों द्वारा गुरुवार 23 जनवरी 2025 को सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि भारत की समृद्ध रेल विरासत को संजोये रखने के उद्देश्य से इस लोकोमोटिव को पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय में स्थापित किया गया है, यह लोको रेल कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन को रेलवे के प्रति उत्सुकता के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक/प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर नितिन चौधरी एवं प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी और मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, उप महाप्रबंधक (सामान्य) अनुराग पाण्डेय सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय एवं मण्डल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इस ऐतिहासिक धरोहर सम्राट हैरिटेज लोको के साथ सेल्फी लेते हुए उपस्थिति दर्ज की।

# संक्षिप्त समाचार

## बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन एक दिन गुना तक चलेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना कार्य के चलते दिनांक 25 जनवरी, 2025 को एक दिन (01 ट्रिप) के लिए गाड़ी संख्या 61611/61612 बीना- रुठियाई मेमू ट्रेन का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन गुना स्टेशन पर किया जाएगा। यह परिवर्तन महुगुड़ा स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग संख्या 68 पर गर्डर लॉन्चिंग के लिए तीन घंटे के ब्लॉक के कारण किया गया है। इस अवधि में यह ट्रेन गुना-रुठियाई-गुना खंड के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी लेकर तदनुसार यात्रा करें।

## दादर स्टेशन पर शोर्ट टर्मिनेट/शोर्ट ओरिजिनेट कुछ गाड़ियाँ

भोपाल (निप्र)। मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और मस्जिद स्टेशनों के बीच ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लाक के कारण, भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को दादर स्टेशन पर शोर्ट टर्मिनेट/शोर्ट ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है। 1. गाड़ी संख्या 11058 अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस दिनांक 24.01.2025 एवं 25.01.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 12) पर ही समाप्त हो जाएगी। इसका मतलब है कि यह ट्रेन आगे सीएसएमटी तक नहीं जाएगी। 2. गाड़ी संख्या 11057 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस दिनांक 25.01.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से शुरू होने के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 11) से अपने निर्धारित समय 23:48 बजे प्रस्थान करेगी। 3. गाड़ी संख्या 22177 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस दिनांक 26.01.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से शुरू होने के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 11) से अपने निर्धारित समय 00:30 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखें। असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी लेकर तदनुसार यात्रा करें।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर दादाजी धाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

भोपाल (आरएनएस)। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर दादाजी धाम मंदिर में आज धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया और भगवान सीताराम एवं हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया।बुधवार की सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। श्री राम संकीर्तन, भजन, रामरक्षा स्तोत्र, पुरुषसूक्त पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, नर्मदाष्टक, भैरव अष्टक पाठ और श्री सूक्त का पाठ किया गया। विधि-विधान से भगवान श्री राम का विशेष अभिषेक किया गया।कार्यक्रम में श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, जिनमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और ट्रस्टी शामिल थे, विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को दीप उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## आरजीपीवी में जूनियर सिर्च फैलो के लिए ओवदन चार फरवरी तक

भोपाल,(आरएनएस)। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में जूनियर रिसर्च फैलो (जेआरएफ) के लिए आवेदन चार फरवरी तक जमा होंगे। जूनियर रिसर्च फैलो की भर्ती संविदा आधार पर कर प्रोजेक्ट की अवधि 36 माह तय की गई है। इसके लिए स्टूडेंट्स की योग्यता बैचलर ऑफ साइंस चार ईयर प्रोग्राम, बी फार्मा, एमएससी, बीई, बीटेक या समकक्ष डिग्री न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ जरूरी है।

## राजधानी एक्सप्रेस अब यादगीर रेलवे स्टशन पर भी हॉल्ट लेगी

भोपाल,(आरएनएस)। रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल से गुजरन वाली 22691/2269 बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस को द मध्य रेलवे के यादगीर स्टेशन पर दो मिनट का हॉल्ट दिया गया है। 27 जनवरी से गाड़ी संख्या 22692 हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस यादगीर स्टेशन पर रात 8:38 बजे पहुंचेगी। वापसी में 28 जनवरी को 22691 बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस यादगीर स्टेशन पर दोपहर 3.03 बजे आएगी।

## एम्स के विशेषज्ञ बोले-हिंदी में लिखें पर्चा, ताकि मरीज समझ सकें

भोपाल,(आरएनएस)। मरीज का पर्चा ऐसा लिखा हो जो उसे समझ आए। इससे एक बेहतर तरीके से बीमारी को समझ सकेगा। यह बात एम्स में गत दिवस आयोजित हिंदी कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कही। इस दौरान एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हिंदी में काम करने की आदत डालने के लिए इस तरह की कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण होती है। हम अपने कामकाज में हिंदी के सरल ओर प्रचलित शब्दों को अपनएं, जिससे कि लोगों को समझने में असानी हो।

## सवारी डिब्बा पुननिर्माण कारखाना भोपाल को मिला पर्यावरण अवॉर्ड

भोपाल,(आरएनएस)। सेफ्टी काउंसिल द्वारा सावारी डिब्बा पुनिनिर्माण कारखाना भोपाल को 2024-25 के लिए स्वासथ्य, सुरक्षा और पर्यावरण कैटेगरी में अवॉर्ड से नवाजा गया है। कारखाने के मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीआर भिण्डिया एवं सुरक्षा अधिकारी योगेश केकाले को यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। सेफ्टी काउंसिल मप्र द्वारा यह अवॉर्ड कारखाने में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाता है। मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी कोहाडे के मुताबिक कारखाने में सुरक्षा संबंधित मापदंड उच्च स्तर के हैं।

# शासकीय मंदिरों से संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाए - कलेक्टर श्री मिश्रा



धार (ए.)। शासकीय मंदिरों की जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाए इससे किए जा रहे कार्यों के संबंध में ट्रांसपरेंसी रहेगी। जिसे भी मंदिर से संबंधित जानकारी देखना हो वो उस पोर्टल पर जाकर मंदिर में मौजूद पुजारी, मंदिर के फोटो, खसरे का नंबर, गूगल लोकेशन के बारे में जान सके। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शासन संधारित शासकीय मंदिरों की व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर शाश्वत शर्मा सहित संबंधित एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिये कि जहां मंदिरों की समिति गठित न हुई है। वहां शीघ्र समितियों का गठन करें। इसके अलावा जहां समिति गठित हुई है, वहां समिति की जानकारी सहित बैनर चस्पा करें। इसके साथ ही जहां पुजारियों की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां शीघ्र नियुक्ति प्राथमिकता के साथ करें। कार्य न करने वाले अधिकारियों को अप्रसन्नता पत्र जारी करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिरों की जगह पर किए गए अतिक्रमणों को सख्ती के साथ शीघ्र हटाएं। इसके अलावा मंदिरों की जमीनों पर गौशालाओं के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाएं।साथ ही कोशिश करे कि मंदिर आत्मनिर्भर बने।

## सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने हितग्राहियों को दिलाई आर्थिक सहायता

दतिया (आरएनएस)। सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हितग्राहियों को उनके परिजनों की मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायक दिलाई। उन्होंने जिन हितग्राहियों को आर्थिक सहायता दिलाई है उनमें देवेन्द्र श्रीवास्तव निवासी इंदरगढ की कैंसर में मृत्यु होने से उनकी पत्नी दीपिका श्रीवास्तव 1 लाख, अशोक कुमार राठौर निवासी देभई की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनकी मां मीना राठौर को 1 लाख, मूर्ति जाटव खेरौना घाट की कैंसर से मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र विजय कुमार जाटव को 1 लाख, राकेश गुप्ता निवासी इंदरगढ़ की कैंसर से मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र अभिषेक बिलैया को 1 लाख, हरि धानुक निवासी देभई की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके पिता मुन्ना धानुक को 1 लाख, राजकुमार जाटव जरौली की करंट से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी सीमा जाटव को 1 लाख रूपये, अभिषेक यादव निवासी ऊंचिया की पुत्री बेबी पूनम यादव को इलाज हेतु 30 हजार की मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध दिलाई गई।

## भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव की गरिमा के अनुरुप हों गणतंत्र दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाएँ



### आईजी, डीआईजी, कलेक्टर एवं एसएसपी ने एसएएफ मैदान पहुँचकर लिया तैयारियों का जायजा

ग्वालियर (ए.)। जिले में भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की 75वी वर्षगाँठ तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले का मुख्य समारोह कम्पू स्थित एस ए एफ ग्राउण्ड पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित होगा। समारोह में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन व पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को एसएएफ मैदान पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया।

**विविध-समाचार**

## कोई ठेकेदार यदि इस जनहितैषी कार्य में वाधक बने तो संबधित पर त्वरित कार्यवाही करें- माकिन

दतिया (आरएनएस)। न्यू कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यो की समीक्षा की। बैठक में माकिन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में वर्तमान जनसंख्या 2024 के आधार पर प्रति व्यक्ति 55 लीटर के मान से कितने परिवारों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है एवं कितने परिवार शेष का आंकलन कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जो भी ठेकेदार इस जन हितेषी कार्य में बाधक बनते है उन्हें ब्लेक लिस्टिड कर कार्यवाही की जाए। ग्रामीणजन को नियमित/निर्वाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होता रहे एवं रोड रेस्ट्रोरेशन निर्धारित गुणवत्ता के साथ हो इस हेतु सतत निगरानी रखने बावत जल निगम एवं पीएचई को समिति बनाने के निर्देश दिए गए। विधायक सेवढा की मांग अनुसार रतनगढ़ बहुउददेशीय योजना से 5 प्रतिशत पेयजल आरक्षित कर सेवढा नगर को उपलब्ध कराएजाने की कार्यवाही की जाए। वर्तमान में ऐसी योजनाऐं जिनमें ऑनलाईन विद्युत कनेक्शन हेतु संबधित ग्राम से सरपंच एवं सचिव ओटीपी देने मे व्यवधान कर रहे है। उन्हें जनपद पंचायत के कार्यालय में बुलाकर समक्ष में ही ऑनलाइन कनेक्शन करने की कार्यवाही संपादित कराई जाए। कलेक्टर माकिन ने कहा कि जल निगम के अधिकारियों को आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या न हो इस हेतु ग्रामवार निरीक्षण कर ग्राम में कितने परिवार है एवं कितने परिवारों को टोटी युक्त नल कनेक्शन दिए जा चुके है एवं शेष कितने परिवारों को दिए जाना है आंकलन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। माकिन ने कहा कि इस कार्य की समीक्षा पुन 8 तारीख को की जाएगी।

## शिवपुरी में भाजपा विधायक ने थानों में बनाए प्रतिनिधि, एसपी बोले-प्रावधान ही नहीं

शिवपुरी (आरएनएस)। पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों के लिए अपने प्रतिनिधि बना दिए। विधायक इसका बकायदा पत्र जारी करके अधिकारियों को सूचना भी दी कि संबंधित थानों में उनकी ओर से अधिकृत प्रतिनिधि ही जनता की समस्याओं को लेकर संवाद ओर पैरवी करेंगे। विधायक की इस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने थाना स्तर पर विधायक प्रतिनिधि ही जनता की समस्याओं को लेकर संवाद और पैरवी करेंगे। विधायक की इस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने थाना स्तर पर विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने को नियम विरुद्ध बताया है। वहीं, गत दिवस जारी विधायक ने इंटरनेट मीडिया पर जारी वीडियो में अपने निर्णय को बिल्कुल सही बताते हुए अब हर विभाग में भी अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने की बात कही है। इस पर कांग्रेस ने उन पर निशाना साधा है। बता दें कि भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के तीन थानों मायापुर, बामोरकलां और खनियाधाना में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत, नगर निगम, पालिका में तो जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि नियुक्त होते रहे हैं परंतु संभवत: पहली बार पुलिस थानों में प्रतिनिधि नियुथ्क्त किए जाने की बात सामने आई है, जिसके प्राविधान पर भी बहस छिड़ गई है।

## अतिथि शिक्षक फर्जीवाड़े में अफसरों शिक्षकों सहित 19 पर मुकदमा

खजुराहो, (आरएनएस)। छतरपुर के राजनगर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमोध अग्रवाल के आदेश के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों सहित 19 शिक्षकों और अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराआं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों में तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनगर, तत्कालीन संकुल प्राचार्य करीं भी शामिल हैं। मामला 2017-18 में अतिथि शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़ा से जुड़ा है। राजनगर, विकासखंड के करीं संकुल में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अतिथि शिखकों की भर्ती कराई गई, इसके बाद लाखों रुपये की सरकारी राशि गलत तरीके से अपने चहेतों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई। शिकायकर्ता रविंद्र मिश्रा ने इस घोटाले को उजागर करने के लिए पिछले आठ सालों से लड़ाई लड़ी। उन्होंने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार मामले में अधिवक्ता पवन मिश्रा के माध्यम से राजनगर सिविल न्यायालय में परिवाद दायर किया था जिसे लेकर कोर्ट ने आरोपितों पर 420 के तहत मामला दर्ज कर माले में 30 दिवस में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है।

## झाबुआ कलेक्टर को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड

झाबुआ (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड से सम्मानित करने के लिए कलेक्टर नेहा मीना को चुना है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड उन्हें उनकी अच्छी कार्यशैली और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता के कारण मिला है। कलेक्टर मीना को 25 जनवरी को दिल्ली में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया जाने वाला यह अवॉर्ड जनरल कैटेगरी मं देशभर के केवल नौ कलेक्टरों और दो पुलिस अधीक्षक को दिया जाएगा। मध्य प्रदश से इकलौती कलेक्टर नेहा मीना का नाम इस सूची में शामिल किया गया है।

## कन्या उमावि ठाठीपुर की बारहवीं की छात्राओं को बताई उच्च शिक्षा की राह

**कॉलेज चलो अभियान के तहत उच्च शिक्षा के लिए की जा रही है विद्यार्थियों की काउंसलिंग**





ग्वालियर (ए.)। जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में श्रीमंत माधवराव सिंधिया आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक व आचार्यों के दल ने गुरुवार को शासकीय कन्या उमावि ठाठीपुर पहुँचकर 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये महाविद्यालयों में प्रवेश के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्राओं को कैरियर विकल्प, छात्रवृत्ति, खेलकूद व एनसीसी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं व विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों के बारे में भी जानकारी दी। इस आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान हासिल किया। कार्यक्रम के आखिर में सभी ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही भविष्य के लक्ष्य के बारे में बताया।

## कार में मिले 600 डायनामाइट सेल, दो आरोपी गिरफ्तार



दमोह (आरएनएस)। कोतवाली पुलिस ने सीता बावली मार्ग पर मंगलवार देर रात एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की। सीएसपी प्रभारी भावना दांगी के अनुसार, थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार से गढ़ा कोटा के रोन कुमरई निवासी नीलेश विश्वकर्मा और सतीश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 600 डायनामाइट सेल, 3 डोरी के बंडल, एक ब्लास्टिंग मशीन, 10 कैप, 2 बिट और एक लोहे की रॉड ड्रिल बरामद की। जब्त सामग्री की कीमत करीब 48,600 रुपए है। जांच में पाया गया कि आरोपियों के पास विस्फोटक सामग्री रखने के कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 52 के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह विस्फोटक कुओं और खदान में विस्फोट करने के इस्तेमाल के लिए ले जाई जा रही थी। हालांकि पुलिस इस बारे में अभी कुछ नहीं बता रही।

## कलेक्टर को माननीय राज्यपाल द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत



झाबुआ (ए.)। पर लोकसभा निर्वाचन-2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु 25 जनवरी 2025 को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना को सम्मानित किया जायेगा।

**महेश्वर केबिनेट बैठक के संदर्भ में विशेष लेख**

## देवी अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन और समाज कल्याण के गढ़े पथ पर अग्रसर मध्यप्रदेश सरकार

झाबुआ (ए.)। आज का दिन एक बार फिर से इतिहास में दर्ज होने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णय अनुसार आज मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक देवी अहिल्या बाई होल्कर की पावन नगरी महेश्वर में होने जा रही है। अपने शासनकाल में देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की थी। उन्होंने अपने राज्य में सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि जनहित से जुड़े विषयों पर अद्भुत कार्य कर एक आदर्श स्थापित किया। उनके द्वारा गढ़े गये सुशासन, कुशल प्रशासन न्यायप्रियता, परोपकार, धर्म कल्याण, जल संवर्धन और जल संरक्षण के पथ पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार तेजी से अग्रसर है।

# व्यापार समाचार

## एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन सोशल मीडिया पर भिड़े, स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही लड़ाई

सैन फ्रांसिस्को ,(ए)। एक्सएआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन एक्स पर भिड़ गए हैं। ये लड़ाई स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर अमेरिका में एआई के लिए कई डेटा सेंटर बनाएगी। दोनों कम्पनियों को उम्मीद है कि वे स्टारगेट के लिए शुरू में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी तथा अगले चार वर्षों में इस उद्यम में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी।

संयुक्त बयान में कहा गया, सॉफ्टबैंक और ओपनएआई स्टारगेट के प्रमुख भागीदार हैं, सॉफ्टबैंक के पास वित्तीय जिम्मेदारी है और ओपनएआई के पास परिचालन जिम्मेदारी है। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर कई पोस्ट में लिखा, वास्तव में उनके पास पैसा नहीं है। सॉफ्टबैंक ने 10 बिलियन डॉलर से कम की रकम सुरक्षित कर ली है। मुझे इस बारे में अच्छे स्रोत से जानकारी मिली है। ऑल्टमैन ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट में मस्क पर पलटवार किया।मस्क के इस आरोप पर कि सॉफ्टबैंक के पास पूंजी की कमी है, जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, गलत जानकारी, और आप ये निश्चित रूप से जानते हैं। ऑल्टमैन ने कहा कि स्टारगेट देश के लिए बहुत अच्छा है। मुझे एहसास है कि जो देश के लिए अच्छा है वह हमेशा आपकी कंपनियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता लेकिन आपको जो नई जिम्मेदारी मिली है उससे मुझे उम्मीद है कि आप अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ओपनएआई की तरह एक्सएआई भी अपने एआई सिस्टम को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे की तलाश में है।टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि मस्क की कंपनी ने मेम्फिस में अपने एकल डेटा सेंटर पर 12 अरब डॉलर खर्च किए हैं और सुविधा को अपग्रेड करने में अरबों डॉलर और खर्च कर सकती है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश, दो बैटरी विकल्पों में उतारा




मुंबई (ए)। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में एथर एनर्जी ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश किया। स्कूटर में कई तकनीकी सुधार और फीचर अपग्रेड किए हैं, जो इस स्कूटर को पहले से ज्यादा आकर्षक और उपयोगी बनाते हैं। एक्सपो में पेश मॉडल इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एथर की मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए तैयार है। एथर 450 एक्स को दो बैटरी विकल्पों में उतारा गया है। 2.9 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 126 किलोमीटर की रेंज देता है, जबकि 3.7 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 161 किलोमीटर तक की रेंज देता है। इनकी कीमत क्रमश: 1.75 लाख और 1.85 लाख रखी गई है। स्कूटर में नया टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जिससे यूजर्स को बेहतर इंटरफेस का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए सिम पोर्ट और एक विशेष इमरजेंसी बटन दिया है। यह बटन तीन बार दबाने पर राइडर की लाइव लोकेशन पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजता है, जो सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी सुविधा है।

प्रो पैक वेरिएंट में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन, ऑटो-होल्ड और फाइंड माई स्कूटर जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूटर चार नए रंग विकल्पों—लूनर ग्रे, ट्रू रेड, हाइपर सैंड, और अन्य शेड्स में उपलब्ध होगा। डिजाइन में बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन सस्पेंशन ट्यूनिंग और एडवांस्ड राइडिंग मोड्स को बेहतर बनाया गया है। एथर 450 एक्स का यह नया संस्करण लंबी रेंज, प्रीमियम फीचर्स और सुरक्षा के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एक नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

## अमेजान ने सात गोदाम बंद करने का किया ऐलान, 1700 नौकरियां खतरे में

मुंबई (ए)। ऑनलाइन रिटेलर अमेजन ने कहा कि वह आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने सभी सात गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन का कहना है कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक उनके कस्टमर्स की बचत होगी। हालांकि, कनाडाई संघ ने अमेजन पर आरोप लगाया है कि उसने क्षेत्र में अपनी कोशिशों को रोकने के कारण गोदामों को बंद करने का निर्णय लिया है। संघ ने यह भी कहा कि उन्होंने एक गोदाम को सफलतापूर्वक संघबद्ध किया है। अमेजन के अनुसार, इस फैसले से ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां प्रभावित होंगी, जिनमें से 250 कर्मचारी अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा।

## पोको का एक्स 7 5जी स्मार्टफोन लॉन्च, फ्लिपकार्ट पर 19,999 रुपए में उपलब्ध

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की अग्रणी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी पोको ने शुक्रवार को अपना नया स्मार्टफोन पोको एक्स7 5जी लॉन्च कर दिया। यह स्मार्टफोन खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है, जो टिकाऊ और बेहतरीन प्रदर्शन और मजबूत बिल्ड क्वालिटी चाहते हैं। इस स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर तमाम फीचर्स इसे बेहतरीन बनाते हैं। पोको एक्स7 5जी लॉन्च होने के बाद से ही फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपए है। इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए पहले दिन 2,000 रुपए का डिस्काउंट कूपन भी मिल रहा है। इसके साथ ही यूजर्स को इसे खरीदने के लिए 9 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध है, जिससे यह एक बेहतरीन डील बन जाती है। इसमें 1.5के एएमओएलईडी 3डी कर्व्ड डिस्प्ले है। यह डिस्प्ले यूजर्स को बेहतरीन अनुभव देता है। डिस्प्ले को 3000 निट्स पीक ब्राइटनेस और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 की सुरक्षा दी गई है। यह स्मार्टफोन आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ पानी, धूल और रोजाना के खतरों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। पोको एक्स7 5जी में मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 अल्ट्रा चिपसेट दिया गया है। यह चिपसेट स्मार्टफोन को तेज और बेहतरीन बनाता है। इससे यूजर्स को अलग ही अनुभव मिलता है। इस स्मार्टफोन में 5500 एमएएच की बैटरी है, जो 45 वॉट हाइपरचार्ज के साथ दिनभर की बैटरी लाइफ देती है। पोको एक्स7 5जी ब्रांड के मेड ऑफ मैड थीम पर आधारित है। यह बाजार में इनोवेशन और हाई क्वालिटी के प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देगा। यह स्मार्टफोन यूजर्स को नया अनुभव देने वाला है। यह शानदार स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।

## भारत में लोग खरीद रहे बड़े फ्लैट, 2024 में औसत साइज 8 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (आरएनएस)। भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढ़कर 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक ग्रुप ने कहा कि 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढ़कर 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढ़ना है। रिपोर्ट में बताया गया कि 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है।

## एनएसई पर यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या पहली बार 11 करोड़ के पार




मुंबई ,(ए)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को ऐलान किया कि एक्सचेंज पर यूनिक इन्वेस्टर्स (यूनिक पैन) की संख्या पहली बार 11 करोड़ को पार कर गई है। इसके साथ ही कुल क्लाइंट अकाउंट की संख्या 21 करोड़ से अधिक हो गई है। भारत में शेयर बाजार का चलन बढ़ने के कारण बीते कुछ वर्षों में एनएसई पर निवेशकों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह पांच साल में 3.6 गुना हो गई है।1994 में एनएसई के ऑपरेशन शुरू होने के बाद एक करोड़ यूनिक इन्वेस्टर होने में करीब 14 वर्ष का समय लगा था, लेकिन इसके बाद अगले एक करोड़ नए इन्वेस्टर्स आने में सात वर्ष और अगले एक करोड़ इन्वेस्टर्स और जुड़ने में 3.5 वर्ष और फिर अगले करोड़ इन्वेस्टर्स जुड़ने में एक वर्ष से अधिक का समय लगा था।एनएसई ने नोट में कहा कि यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या में पिछले कुछ समय में काफी बढ़ोतरी हुई है। 6 से 7 महीने में अतिरिक्त 1 करोड़ निवेशक जुड़े हैं। वहीं, आखिरी एक करोड़ इन्वेस्टर्स पिछले पांच महीने में आए हैं, जो बाजार में बढ़ती इन्वेस्टर्स की भागीदारी को दिखाता है। एक्सचेंज के मुताबिक, बीते पांच महीनों से प्रतिदिन करीब 47,000 से लेकर 73,000 के बीच में यूनिक इन्वेस्टर्स के पंजीकरण हो रहे हैं। इसका कारण वित्तीय सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, डिजिटलाइजेशन बढ़ना और शेयर बाजार का मजबूत प्रदर्शन है। 2024 में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 8.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 500 इंडेक्स में 15.2 प्रतिशत की बढ़ हुई थी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडने् और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे।

केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा।

मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडने् की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।


भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडने् से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।

इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडने् की व्यवस्था हो सकेगी।

भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें।

भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।

हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले डोर-टू-डोर अभियान का नेतृत्व किया.

# भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुत: विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक



विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रेत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रेत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आर्थिक और वित्तीय सुधारों की अहम भूमिका है। इसमें दो मत नहीं हैं कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं, और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई देश नहीं दिख रहा। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है, और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफडीआई प्राप्त करने के नये रणनीतिक प्रयास करेगी।एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए भी सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि 2025 में भारत की विशाल कौशल-प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद अब 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नये दौर के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढने् में भी मदद मिलेगी।

# वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई।

सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है।

वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढने् के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है।

अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षो तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है।

इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढने् और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है।

अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि उम्र बढने् के मूल कारणों को संबोधित करने से व्यक्तिगत बीमारियों को लक्षित करने की तुलना में निवेश पर अधिक लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विश्व की जनसांख्यिकी संरचना में परिवर्तन हो रहा है तथा अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। वहीं देरी से कार्रवाई करने पर जीवन की गुणवत्ता कम हो जाएगी और अतिरिक्त वर्ष अस्वस्थता में गुजारने पड़ेंगे, जबकि युवा लोगों को अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल की जिम्मेदारी उठानी होगी। वृद्ध होते समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा वृद्धावस्था के प्रति विश्व के दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने वाले नीतिगत समायोजन, रोकथाम और निवेश को प्राथमिकता देने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तथा समस्त मानवता को लाभ पहुंचाने की क्षमता रखने वाली चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाने के वैश्विक सहयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं... उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है। घर में खुशियां बनी रहेंगी। आज शत्रु पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। आपको किसी जरूरी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा, आपका बिगड़ता काम बन जायेगा।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे।

कन्या राशि : आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है.. अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा।

मकर राशि :आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता बनी रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है, पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको खास सलाह दे सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।


मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। दूसरों के सामने अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं ... लोग आपकी बातों को इम्पोर्टेंस देंगे।

# नये भारत के लिये बालिकाओं की बंद खिड़कियां खुलें

**-ललित गर्ग**

जहां पांव में पायल, हाथ में कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया- जब भी कानों में इस गीत के बोल पड़ते है, गर्व से सीना चौड़ा होता है। जब नवरात्र के दिनों में कन्याओं को पूजित होने के स्वर सुनते हैं तब भी शकुन मिलता है लेकिन जब उन्हीं कानों में यह पड़ता है कि इन पायल, कंगन और बिंदिया पहनने वाली बालिकाओं के साथ कैसे अत्याचार, यौन-शोषण इंडिया क्या करता है, तब सिर शर्म से झुकता है। भारतीय समाज में लड़कियों को अक्सर भेदभाव, यौन-शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के अवसर से वंचित रखा जाता है और उन्हें बहुत कम उम्र से ही घर के कामों में मदद करनी पड़ती है। इन्हीं विडम्बनाओं एवं विसंगतियों को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिन समाज में लड़कियों के खिलाफ लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता, भेदभाव, यौन-शोषण और हिंसा की मौजूदा समस्याओं पर प्रकाश डालता है, बालिकाओं को सशक्त बनाता है और शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व का संदेश देता है। बालिकाओं की बन्द खिड़कियां खुलें, तभी नया भारत-सशक्त भारत बन सकेगा।

सरकार का उद्देश्य बालिका दिवस के माध्यम से बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने और उन्हें वे अवसर प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करना है, जिनकी वे हकदार हैं। यह दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत की तिथि भी है। इसका लक्ष्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम 'उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना' है। इसके लिये भारत में बालिकाओं के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन कई प्रभावी सरकारी योजनाओं के बावजूद भारत में बालिकाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के



आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। यह आंकड़ा सबसे निम्न स्तर पर मौजूद राजस्थान के बराबर है। तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी तस्वीर बहुत बेहतर नहीं है। बालिकाओं की घटती संख्या एक गंभीर चिन्ता का विषय है।

हालांकि, बहुत से लोगों का मानना है कि 21वीं सदी तक आते-आते बालिकाओं एवं महिलाओं की ज़िंदगी में बहुत बदलाव आए हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अब हालात पहले से ज्यादा खराब हो चुके हैं। कहने को भले ही लड़कियां हर मामले में लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हो, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है लेकिन उनके सामने हर रोज एक लंबी चुनौती भी खड़ी है। भारतीय बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याएं केवल सामाजिक अधिकारों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि कार्यस्थलों और घरों में भी वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होती हैं। बालिकाओं एवं महिलाओं की सोच में भले ही पिछले कुछ सालों की तुलना में बदलाव आए हों लेकिन मर्दों की सोच और रवैये में कुछ खास फर्क नजर नहीं आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क पर छोटे कपड़े पहनकर चलने में लगभग हर महिला ही असुरक्षित महसूस करती है। चीरहरण करती आंखें, अंजाने में छूने वाले हाथ और सीटियों की गूंज का सामना किसी लड़के को नहीं बल्कि लड़की को ही हर रोज करना पड़ता है। कुछ घरों में आज भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। वह कैसे बोलती है, कैसे कपड़े पहनती है, अपना जीवन जीने का तरीका किस तरह चुनती है, भले ही इन बातों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो लेकिन उसके आसपास रहने वाले लोग इससे असुरक्षित वातावरण महसूस करने लगते हैं। ज्यादातर लोगों ऐसा मानना है कि एक बालिका को मिलनसार होना चाहिए। उसे हमेशा ही समझौता करना चाहिए। भले ही वह बातें उसे नुकसान क्यों न पहुंचा रही हों।

जन्म से पहले ही पता चल जाए कि बच्ची पैदा होगी तो ये उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लग रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। इन त्रासद, अमानवीय एवं विडम्बनापूर्ण नारी अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के होते हुए मां दुर्गा को पूजने का क्या अर्थ है?

# दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। राहुल गांधी ने जोर देते हुए



कहा कि दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और क्क्र मॉडल नहीं - शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। गांधी बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे और उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण गांधी मंगलवार को जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके और इससे पहले नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनका राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं हो सका। इस महीने की शुरुआत में, गांधी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले।

## छात्रावास की आठवीं मंजिल से गिरकर बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत



पाकयोंग (ए.)। सिक्किम के पाकयोंग जिले में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रथम वर्ष की बीटेक छात्रा ने अपने छात्रावास की आठवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी, जिससे इस घटना में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से असम की रहने वाली छात्रा को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा, घटना के हालात अब भी स्पष्ट नहीं हैं और अधिकारी तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं उसकी मौत गिरने से हुयी या उसने आत्महत्या की, इसकी जांच अब भी की जा रही है। इससे पहले मई 2024 में इसी छात्रावास की सातवीं मंजिल से गिरकर एक छात्रा की मौत हो गई थी।



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

## जूट की एमएसपी में बढ़ोतरी से लाखों किसानों को मिलेगा लाभ : पीएम मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। पीएम मोदी ने केंद्र सरकार के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ लाखों किसानों को मिलने वाला है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देशभर के जूट उत्पादक किसान भाई-बहनों के हित में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए रॉ जूट की एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इससे पश्चिम बंगाल सहित देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए बुधवार को कहा कि कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है। मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।



एक पर्यटक बारामुल्ला के तंगमर्ग के द्रुंग क्षेत्र में एक विशाल हिमखंड की तस्वीर लेता हुआ.

## विवेक ओबेरॉय ने दावोस में महाराष्ट्र सीएम फडणवीस के साथ की मुलाकात, बोले 'प्रेरणादायक दिन

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने प्रेरणादायक दिन की फोटो शेयर की। यहां पर उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य प्रमुख नेताओं से मिलने और बातचीत करने का अवसर मिला। ओबेरॉय हमेशा भारत के आर्थिक विकास की वकालत में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत के राष्ट्रीय मिशन पर केंद्रित चर्चाओं के दौरान सहयोगात्मक भावना और विकास के साझा नजरिए की तारीफ की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक्टर ने एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत, डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया, तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा और अन्य नेताओं से मिलने और सुनने के लिए यह कितना प्रेरणादायक दिन था। वन नेशन, वन वॉइस का दर्शन सभी राज्यों को



'विकसित भारत' के सामूहिक मिशन की दिशा में काम करने के लिए एकजुट करता है, जो वैश्विक मंच पर जीवंत हो गया। कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस से मिलना और साथ में कुछ नए जमाने की रणनीतियों पर चर्चा करना खुशी की बात थी। डब्ल्यूईएफ 25 में अगले कुछ दिनों की मेहनत और सहयोग का बेसब्री से इंतजार है। इस कार्यक्रम के दौरान एक्टर को कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस से बातचीत करने का भी मौका मिला। दोनों ने प्रौद्योगिकी और एआई के क्षेत्र में अत्याधुनिक रणनीतियों पर चर्चा की जो भारत के औद्योगिक और डिजिटल परिवर्तन को गति दे सकती हैं। एक्टर के काम की बात करें तो विवेक को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज, इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था।

### एनडीए सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न, उनकी नीतियों का पालन किया : सम्राट चौधरी

पटना (ए.)। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनसंघ के समय से भाजपा ने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज को आरक्षण देने के कर्पूरी ठाकुर के फैसले का समर्थन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जननायक को भारतरत्न प्रदान कर उनका सम्मान किया। कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पर कल उनके गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने से पहले चौधरी ने कहा कि 1978 में कर्पूरी ठाकुर की सरकार ने अतिपिछड़ों को 12 प्रतिशत, पिछड़ों को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया था। उस समय सरकार में शामिल जनसंघ ( अब भाजपा ) के कद्दावर नेता कैलाशपति मिश्र ने कर्पूरी जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण पर जननायक के काम का श्रेय लूटने की कोशिश करने वाले लालू प्रसाद ने 15 साल के शासन में बिना आरक्षण दिये पंचायत चुनाव कराये थे, जबकि नीतीश कुमार ने पंचायतों में दलितों ,पिछड़ों, महिलाओं को आरक्षण दिया। उस समय भी भाजपा सरकार में शामिल थी और स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी उपमुख्यमंत्री थे। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि भाजपा और एनडीए सरकार कर्पूरी जी के आदर्शों का पालन करती है,जबकि विपक्ष उनके नाम पर केवल राजनीति करता है।

# विविध-समाचार

## भूपेश बघेल के ओएसडी रहे अफसर की होगी गिरफ्तारी

रायपुर(आरएनएस)। बहुचर्चित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) भर्ती घोटाला मामले में अब पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे चेतन बोरघरिया को CBI गिरफ्तार करने वाली है। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की गिरफ्तारी को लेकर सीबीआई ने सरकार से अनुमति मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब यह खबर निकल कर सामने आई है कि साय सरकार के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुमति दे दी । दरअसल, पीएससी घोटाले मामले की जांच कर रही सीबीआई ने आरती वासनिक और चेतन बोरघरिया को भी आरोपी बनाया है। लेकिन सरकार से अनुमति नहीं मिलने के चलते दोनों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी। अब सरकारी अनुमति मिलने के बाद माना जा रहा है कि सीबीआई दोनों आरोपियों को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि वर्ष 2021-22 की परीक्षा अवधि के दौरान आरती वासनिक परीक्षा नियंत्रक थीं और ठीक उसी अवधि में चेतन बोरघरिया भूपेश बघेल के ओएसडी थे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि भर्ती घोटाले के मामले में सीबीआई अब तक तत्कालीन CGPSC के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और साहिल सोनवानी, पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर, उद्योगपति श्रवण गोयल, उनके बेटे शशांक गोयल और भूमिका कटियार की गिरफ्तारी कर चुकी है।

## गणतंत्र दिवस पर एनएसयूआई ने निकाली 76 फीट लंबा तिरंगा पैदल यात्रा

भिलाई, (आरएनएस)। छिहत्तरवे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रात: साढे 10 बजे एनएसयूआई द्वारा 76 फीट लंबा तिरंगा के साथ तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया ने एक पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने आगे बताया कि इस तिरंगा यात्रा के आयोजनकर्ता एनएसयूआई के साथ ही कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा है। इस दौरान सौरभ मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पिछले साल भिलाई नगर के युवा एवं हरदिल अजीज विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी इससे प्रेरणा लेकर हम लोग ये तिरंगा की पैदल यात्रा निकाल रहे है। श्री कन्नौजिया ने आगे बताया कि इस यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल सहित एनएसयूआई के सदस्यों के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर तिरंगा का मान बढायेंगे। तिरंगा की पैदल यात्रा प्रात: साढे 10 बजे ग्लोब चौक से पुष्प वर्षा और देश भक्ति गानों के साथ निकाली जायेगी जो शहीद पार्क सेक्टर 5 में जाकर खत्म होगी। इस बार देश 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है, इस लिए हम लोग इस बार 76 फीट लंबा तिरंगा बनाया जा रहा है जिसको पकड़कर पैदल यात्रा निकाली जायेगी। हर साल यह तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी और हर वर्ष उसकी लंबाई एक-एक फीट बढती जायेगी। तिरंगा यात्रा पहुंचने के पूर्व छात्रों द्वारा शहीद पार्क में उत्साह पूर्वक रंगोली बनाया जायेगा जो बेहद ही आकर्षण का केन्द्र होगा। पत्रवार्ता में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, फराज अहमद, निखिल चौबे, सुरेन्द्र बाघमारे, करण वैष्णव, आकाश कुर्रे, दीपक पॉल, आकाश दाहत सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से बात की, रेल दुर्घटना का जायजा लिया

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में हुई रेल दुर्घटना के बारे में जानकारी ली। बुधवार शाम आग लगने की अफवाह के कारण अपनी ट्रेन से नीचे उतरे कम से कम 10 रेल यात्रियों की विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ रेल हादसा अत्यंत दु:खद है। इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने कहा, स्थानीय प्रशासन घायलों को हर संभव मदद पहुंचा रहा है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## जान की कीमत सिर्फ 800 रुपए, पार्क में गोली मारकर ले ली जान



गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में बुधवार रात 800 रुपए के मामूली विवाद में एक लेबर सप्लायर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय चंचल के रूप में हुई है, जो नई बस्ती का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस हत्याकांड को चंचल के दोस्तों ने ही अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, चंचल पहले मजदूरी करता था, लेकिन कुछ समय से वह लेबर सप्लाई का ठेकेदारी का काम कर रहा था। बुधवार रात करीब पौने दस बजे वह अपने घर के पास स्थित टेंपो स्टैंड के पास एक पार्क में था। वहां उसके साथ कुछ और लोग भी थे। बताया जा रहा है कि चंचल का उन लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान हमलावरों ने चंचल पर गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो चंचल खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि चंचल को दो गोलियां लगी थीं एक सीने में और दूसरी पीठ में। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ?800 के लेनदेन को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। डीसीपी ने बताया कि हत्या के आरोपी मृतक के दोस्त और परिचित बताए जा रहे हैं। अब तक बाबू, गौरव और अजय के नाम सामने आए हैं। पुलिस परिजनों से शिकायत दर्ज कर रही है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

## होटल व्यवसायी से 2.5 करोड़ की वसूली की कोशिश, गैंगस्टर डीके राव और छह अन्य गिरफ्तार



मुंबई (ए.) मुंबई पुलिस ने बांद्रा इलाके में एक होटल व्यवसायी से ढाई करोड़ रुपये की जबरन वसूली का प्रयास करने और उसे धमकी देने के आरोप में चौंगस्टरज् डी के राव तथा छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गैंगस्टर छोटा राजन के सहयोगी राव के खिलाफ पहले से ही जबरन वसूली सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। शहर अपराध शाखा के अधिकारी के अनुसार, बांद्रा पुलिस को होटल व्यवसायी से शिकायत मिली थी कि राव और छह अन्य ने कथित तौर पर उसके प्रतिष्ठान पर कब्जा करने की साजिश रची, उससे ढाई करोड़ रुपये की मांग की और उसे जान से मारने की धमकी दी। अपनी शिकायत में होटल व्यवसायी ने यह भी आरोप लगाया कि राव का गिरोह पिछले दो वर्षों से उसे परेशान कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि बार-बार धमकियां मिलने के बाद उन्होंने बांद्रा पुलिस से शिकायत की, जिसके आधार पर बुधवार को राव और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मामला पुलिस के जबरन वसूली निरोधक प्रकोष्ठ को सौंप दिया गया और बुधवार देर रात सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### अजित पवार ने कहा, महाराष्ट्र सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी

पुणे(आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को पुणे के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जलगांव में हुई घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ और सिर्फ अफवाहों के कारण हुई। राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को पुणे के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जलगांव हादसे को लेकर कहा कि घटना के बाद सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। जलगांव में रेल हादसा होने के बाद स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य किया। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने इस घटना की जानकारी ली। पता चला है कि लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में चाय विक्रेताओं ने आग लगने की सूचना दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हंगामा देखकर पड़ोसी कोच में भी भारी हंगामा हो गया। इस दौरान ट्रेन को आपातकालीन चेन खींचकर रोक दिया गया।



झारखंड के रांची में न्यायालय परिसर में झारखंड राज्य बार काउंसिल चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद विजय चिन्ह दिखाते अधिवक्ता।

## गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे', कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत चार बड़े कलाकारों को मिली जान से मारने की धमकी

मुंबई (आरएनएस)। कॉमेडियन कपिल शर्मा बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव , कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और गायिका सुगंधा मिश्रा को धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ है। यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। इसके बाद संबंधित कलाकारों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मुंबई की अंबोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

इस धमकी भरे ई-मेल में लिखा गया है कि हम आपकी निगरानी कर रहे हैं और यह जरूरी है कि हम आपको एक संवेदनशील मामले के बारे में सूचित करें। यह कोई प्रचार स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे इस संदेश को अत्यंत गंभीरता और गोपनीयता से लेने का आग्रह करते हैं। यदि आप इस पर ध्यान नहीं देते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन पर असर डाल सकते हैं। ई-मेल में आगे लिखा गया है कि हम अगले 8 घंटों के भीतर आपसे त्वरित प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं, अन्यथा हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ई-मेल के अंत में विष्णु लिखा गया है।



शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। कलाकारों को भेजे गए धमकी भरे ई-मेल के बाद उनके फैंस और परिवार के लोग भी चिंतित हैं।

## मोनालिसा की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, कैमरे सामने दिए किलर पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉट अदाओं को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर अक्सर तबाही मचाती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में मोनालिसा की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने पिंक कलर की फ्लोरल इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।खुले बाल, माथे पर बिंदी, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फैंस को दीवाना बना रही हैं। मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा, सोशल मीडिया पोस्ट में बयां किया अपना दर्द

बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।

जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं। क्या हम वाकई मुंबई को सपनों का शहर कह सकते हैं अगर ये सपने कुछ शर्तों पर पूरे हों।

## दीपिका पादुकोण की फिल्म पद्मावत सिनेमाघरों में फिर हो रही रिलीज

संजय लीला भंसाली की फिल्मों की बात कुछ अलग होती है। उनकी मूवीज में एक्टर के साथ सीन में नजर आ रहा हर एलिमेंट एक अलग कहानी कह रहा होता है। भंसाली अपने ग्रैंड सेट्स के लिए भी काफी मशहूर हैं। ऐसी ही एक फिल्म अब सिनेमाघरों में पहुंचने वाली है जिसका नाम पद्मावत है। इसे पहली रिलीज के 7 साल बाद इसे फिर से सिल्वर स्क्रीन पर उतारा जा रहा है। वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में पीरियड ड्रामा फिल्म का पोस्टर शेयर कर उसकी री-रिलीज का ऐलान किया गया है। वॉयकॉम 18 स्टूडियो के मुताबिक, पद्मावत फिल्म 24 जनवरी 2025 को फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज की जाने वाली है। फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और कमेंट में जमकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसी आजाद और इमरजेंसी, जानिए कैसा है अन्य फिल्मो का हाल




17 जनवरी को सिनेमाघरों में इमरजेंसी और आजाद एक साथ रिलीज हुई थी। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही हैं। इसके अलावा 10 जनवरी को रिलीज हुई गेम चेंजर और फतेह भी दर्शकों को पसंद नहीं आ रही हैं। आइए जानते हैं मंगलवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की है। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री का किरदार निभाया है। कंगना ने इस फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ फिल्म का निर्देशन भी किया है। यह फिल्म इंदिरा गांधी द्वारा भारत में लगाए गए आपातकाल पर आधारित है। हालांकि, सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन यह दर्शकों को अपनी ओर खींचने में नाकाम रही। sacnilk के मुताबिक, पहले दिन शुक्रवार को फिल्म ने 2 करोड़ 50 हजार रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 3 करोड़ 60 लाख रुपये का बिजनेस किया। रविवार को फिल्म ने 4 करोड़ 25 लाख रुपये का बिजनेस किया। चौथे दिन सोमवार को फिल्म ने 1 करोड़ 5 लाख रुपये का कलेक्शन किया। पांचवें दिन फिल्म सिर्फ 1 करोड़ रुपए का कारोबार कर सकी। कुल मिलाकर इमरजेंसी ने अब तक 12 करोड़ 40 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है। राशा थडानी और अमन देवगन की बॉलीवुड डेब्यू की शुरुआत बेहद खराब रही। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 1 करोड़ 5 लाख रुपए का कलेक्शन किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 1 करोड़ 30 लाख रुपए का कारोबार किया है। रविवार को फिल्म ने 1 करोड़ 75 लाख रुपए कमाए और चौथे दिन यानी सोमवार को फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 65 लाख रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट आई और यह सिर्फ 55 लाख रुपए का कारोबार कर सकी। कुल मिलाकर फिल्म आजाद ने 5 करोड़ 75 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

# अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं हुआ रिलीज





अक्षय कुमार पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में ने हुए हैं। उन्होंने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा है। अब अक्षय को स्काई फोर्स से बड़ी उम्मीदें हैं। देशभक्ति से भरपूर फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, वहीं अब निर्माताओं ने स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं जारी कर दिया है।इस गाने को अरिजीत सिंह और अफसाना खान ने मिलकर गाया है।तू है तो मैं हूं गाने में वीर पहाड़िया और सारा अली खान की खूबसूरत जोड़ी देखने को मिल रही है।वीर अपने जुनूनी अवतार से पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने के लिए तैयार हैं। सारा फिल्म में उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को यानी गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।अक्षय कुमार और निमरत कौर स्काई फोर्स से पहले साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म एयरलिफ्ट में एक-दूसरे के साथ काम कर चुके हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने मनोरंजक ट्रेलर और स्काई फोर्स के पहले दो गाने माई और क्या मेरी याद आती है रिलीज किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, निमरत कौर, वीर पहाड़िया, सारा अली खान के साथ शरद केलकर, मोहित चौहान और मनीष चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं।

## खूब जमेगा रंग जब शादी के मंडप में होगी जंग, यामी गौतम-प्रतीक गांधी स्टारर एक्शन-कॉमेडी से भरपूर धूम धाम का टीजर आउट

एक्शन-कॉमेडी से भरपूर यामी गौतम और प्रतीक गांधी स्टारर धूम धाम का टीजर आउट हो चुका है। एक मिनट 31 सेकंड के टीजर में एक्शन के साथ कॉमेडी भी देखने को मिली जहां फिल्म के मुख्य किरदार (यामी और प्रतीक) दुश्मनों को मजा चखाते नजर आए।फिल्म मेकर्स ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर टीजर को लॉन्च किया।टीजर की शुरुआत प्रतीक और यामी के साथ बैठने और बैकग्राउंड में लाल दुपट्टे वाली जरा नाम तो बता गाने के साथ होती है। इसके बाद उनके कमरे में गुंडे घुस जाते हैं। चारों ओर गोलियों की बौछार के साथ टीजर में एक्शन का तड़का दिखता है।फिल्म में एक्शन के साथ कॉमेडी का मिक्सअप कमाल का है। 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज को तैयार फिल्म दर्शकों को रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है।धूम धाम में कोयल (यामी गौतम) गुस्सैल और साहसी लड़की के किरदार में हैं। वहीं, प्रतीक डरपोक लड़के के किरदार में हैं। टीजर से पहले 'धूम धाम' मेकर्स ने फिल्म का मजेदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था।नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर के साथ मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, रिश्ते के लिए हमें डीएम (डायरेक्ट मैसेज) ना करें क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है।सोशल मीडिया पर अखबार के डिजाइन में साझा पोस्टर में एक तरफ यामी गौतम और दूसरी तरफ अभिनेता प्रतीक गांधी की तस्वीर लगी है। यामी की तस्वीर के नीचे लिखा है, दूल्हा चाहिए, नाम कोयल चड्ढा (मुंबई) शादी योग्य उम्र, संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू लड़की। सुशील परिवार। योग्य दूल्हे की तलाश है।

# छावा का ट्रेलर रिलीज, हर सीन पर खड़े होंगे रोंगटे, एक बार फिर हाई जोश में दिखे विक्की कौशल




विक्की कौशल साल 2025 की शुरुआत अपनी होस्टोरिकल-पीरियड- एक्शन ड्रामा फिल्म छावा से करने जा रहे हैं. छावा में विक्की कौशल के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में होंगी. यह पहली बार है जब विक्की और रश्मिका मंदाना किसी फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म छावा अगले महीने यानि फरवरी में रिलीज होने जा रही है. इससे पहले दर्शकों को फिल्म छावा के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार थास, जो अब खत्म हो चुका है. छावा का ट्रेलर रिलीज हो गया है.बता दें, छावा के मेकर्स मडोक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर फिल्म छावा से विक्की कौशल का एक पोस्टर शेयर किया था. इस पोस्टर में विक्की कौशल पीठे दिखाए संभाजी महाराज के रोल में खड़े थे. पोस्टर के साथ फिल्म के मेकर्स ने बताया है कि छावा का ट्रेलर आज शाम 5.15 बजे रिलीज होगा. बता दें, आज मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसके लिए पैर से घायल रश्मिका मंदाना पहुंची. बता दें, रश्मिका मंदाना इन दिनों सलमान खान की फिल्म सिकंदर से भी चर्चा में हैं. वहीं, ट्रेलर में विक्की कौशल को अपने रोल में बेहद जोश में देखा जा रहा है. फिल्म में आशुतोष राणा, डायना पेंटी और दिव्या दत्ता अहम रोल में होंगे.लक्ष्मण उटेकर ने फिल्म छावा का निर्देशन किया है. इससे पहले इन्होंने विक्की कौशल के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके डायरेक्ट की थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस रही थी. फिल्म में विक्की कौशल मराठा किंग छत्रपति संभाजी महाराज के रोल में होंगे और रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी येसूबाई भोसले के रोल में होंगी. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी सौरभ गोस्वामी ने की है और फिल्म के निर्माता दिनेश विजान है. फिल्म छावा का म्यूजिक दिग्गज म्यूजिक डायरेक्टर ए आर रहमान ने कंपोज किया है.

# कांपते हाथों से आईलाइनर कैसे लगाएं? इन ट्रिक्स से अप्लाई करें परफेक्ट आईलाइनर



चेहरे की खूबसूरती में आंखें चार चांद लगाती हैं. आंखों को ज्यादा अट्रैक्टिव बनाने के लिए महिलाएं आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं. इसे लगाने से न केवल आंखें खूबसूरत नजर आती हैं बल्कि देखने में बड़ी भी लगती हैं. कॉलेज हो या फिर ऑफिस बहुत सारी लड़कियां और महिलाएं डेली रूटीन में भी आईलाइनर लगाना पसंद करती हैं. लेकिन कुछ लोगों के आईलाइनर लगाते समय हाथ कांपते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप यहां बताई ट्रिक्स को अपनाकर परफेक्ट आईलाइनर लगा सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### फ्लैग स्टीकर का करें यूज

अगर आपके हाथ भी लाइनर लगाते समय कांपते हैं या फिर आप खुद से आईलाइनर अप्लाई नहीं कर पाते हैं, तो आपको फ्लैग स्टीकर का यूज करना चाहिए. इससे आईलाइनर लगाना आसान हो जाता है.

### लिक्विड की जगह लगाएं पेंसिल आईलाइनर

अगर आपको लाइनर लगाना सही से नहीं आता है तो हमेशा पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करें. क्योंकि शुरुआत में लिक्विड लाइनर को लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है.

### छोटे-छोटे हिस्सों में लगाएं

आईलाइनर लगाने में जल्दबाजी बिल्कुल न करें. इससे यह खराब हो सकता है. इसलिए हमेशा छोटे-छोटे हिस्सों में आई लाइनर लगाएं.

### कोहनी का सहारा लेकर लगाएं आईलाइनर

हाथ कांपने पर कोहनी का सहारा लेकर आईलाइनर लगाएं. इससे आपके हाथ स्थिर रहेंगे. अपने हाथों को रिलैक्स रखें और आराम से आंखों पर आईलाइनर लगाएं.

# अगर एक महीने तक दूध वाली चाय छोड़ देंगे तो शरीर में दिखेंगे ये बदलाव, यकीन नहीं करेंगे आप!

आजकल ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत चाय से होती है. अगर सुबह की शुरुआत एक कप गर्म दूध वाली चाय से होती है तो पूरा दिन फ्रेश- फ्रेश महसूस होता है. लेकिन क्या आपको पता हैं कि दूध वाली चाय आपकी सेहत पर क्या असर डाल सकती है? अगर आप एक महीने दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके शरीर में किस तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं आइए जानते हैं एक्सपर्ट से इसके बारे में विस्तार से...

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीयेंगे तो क्या होगा-

### मोटापा कम हो सकता है

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो इससे आपका वजन कम करने में मदद मिलेगी. क्योंकि दूध वाली चाय में मौजूद कैलोरी और चीनी वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण है. दूध वाली चाय कम करने से आपका कैलोरी का सेवन कम हो जाएगा, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी.

### पाचन में सुधार होगा

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन और टैनिन आपके पाचन को स्लो कर सकते हैं और एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपका पाचन तंत्र बेहतर हो सकता है और एसिडिटी की समस्या कम होती है.

### स्किन हेल्दी और चमकदार दिखेंगे

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके स्किन हेल्दी और चमकदार दिखते हैं. दूध वाली चाय में मौजूद शुगर



त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है और मुंहासे पैदा कर सकती है. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी.

### दिल के लिए फायदेमंद

दूध वाली चाय पीने से भी हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए दूध वाली चाय न पीने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है.

# सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की अमेरिका को चुनौती, हमें कमजोर ना समझें हमारे दुश्मन



तेहरान (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार संभालने के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई अपने समर्थकों के सामने आए हैं। नए अमेरिकी प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह ईरान पर सख्त प्रतिबंध लागू कर सकती है। ईरानी सुप्रीम लीडर ने दिखाने की कोशिश की है कि बीते साल इजरायल के साथ हुए तनाव और युद्ध के बाद भी ईरान कमजोर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर उनके दुश्मन ऐसा सोच रहे हैं, ये उनकी बड़ी भूल हैं। सुप्रीम लीडर ने कहा, इजरायल के साथ मध्य पूर्व में एक साल से ज्यादा चली लड़ाई के बाद भी ईरान कमजोर नहीं हुआ है। उन्होंने अपने तथाकथित दुश्मनों को तेहरान की ताकत परखने की चुनौती भी दी है। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह इजरायल के साथ-साथ ट्रंप से लेकर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन तक ने ईरान को कमजोर बताया था। इन सभी नेताओं ने बयान के पीछे सीरिया में ईरान सहयोगी बशर अल-असद की सरकार के पतन, वायु रक्षा क्षमताओं पर इजरायल के हमलों और एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस के नेताओं की हत्या का हवाला दिया था।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने इजरायली पीएम से की बात, बोले ,हमारा समर्थन बरकरार

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया कि अमेरिका हर स्थिति में उनके साथ खड़ा है। रुबियो ने नेतन्याहू से बंधक संकट पर भी बात की।

सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के शुरू होने के बाद रुबियो की इजरायल को की गई पहली कॉल थी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्ती डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा और लेबनान में युद्ध के दौरान इजरायल का समर्थन किया था।

# ट्रंप ने टैरिफ लगाने की धमकी दी, कनाडा बोला- ये तो आर्थिक युद्ध की तैयारी



ओटावा(ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने की धमकी के बाद, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कड़ा विरोध किया है। ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में यह वादा किया था कि 1 फरवरी से वह अमेरिका और मेक्सिको पर 1 जनवरी 2025 से टैरिफ लागू करेंगे, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके बाद ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको को भी इस टैरिफ के दायरे में लाने की घोषणा की है, जिससे कनाडा ने इसका विरोध करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

कनाडा के ओंटारियो प्रांत के प्रमुख डौग फोर्ड ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि कनाडा पूरी तरह से आर्थिक युद्ध के लिए तैयार है। फोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि अगर टैरिफ लगाए जाते हैं तो कनाडा अपने टूल बॉक्स के सभी उपकरणों का उपयोग करेगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही टैरिफ लागू होंगे, वह ओंटारियो के शराब नियंत्रण बोर्ड को आदेश देंगे कि वे सभी अमेरिकी निर्मित शराब को अलमारियों से हटा लें, क्योंकि कनाडा दुनिया में शराब के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। उनका यह कदम अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश देने के लिए होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश ऊर्जा क्षेत्र में एक सुपरपावर है, और उसके पास तेल और खनिजों के भंडार हैं जिनकी अमेरिका को जरूरत है। उनका कहना था कि अगर ट्रंप टैरिफ लागू करते हैं, तो कनाडा इस पर त्वरित और मजबूत जवाबी कार्रवाई करेगा। ट्रूडो ने यह भी कहा कि कनाडा पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करने में सफल रहा था, और यदि जरूरत पड़ी तो वह फिर से ऐसा करेंगे।

ट्रूडो और फोर्ड ने यह भी चेतावनी दी कि अगर टैरिफ लागू किए गए तो कनाडा डॉलर-दर-डॉलर टैरिफ लगाएगा। फोर्ड ने यह भी कहा कि वह रिपब्लिकन-शासित क्षेत्रों को भी निशाना बनाएंगे। यह कदम कनाडा के लिए एक उदाहरण होगा, और यदि ट्रंप कनाडा को निशाना बनाने में सफल होते हैं, तो अन्य देशों को भी यह समझ लेना चाहिए कि वह अगला निशाना हो सकते हैं। कनाडा ने ट्रंप की धमकियों के खिलाफ एकजुट होकर अपनी रणनीति तैयार की है और यह साफ कर दिया है कि वह किसी भी तरह की आर्थिक कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा।

## बिशप के भाषण ने मचाया तहलका, ट्रंप को आया गुस्सा, जानिए भरी सभा में ऐसा क्या हुआ?

वाशिंगटन(आरएनएस)। वाशिंगटन की बिशप, मैरिएन एडगर बुडे का भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दुनिया भर के यूजर्स इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने यह भाषण वाशिंगटन नेशनल कैथेड्रल में डोनाल्ड ट्रंप की 'इनॉगरल प्रेयर सर्विस' के दौरान दिया और राष्ट्रपति से उन लोगों पर 'दया' करने अपील की, जो 'अब डरे हुए हैं', इनमें एलजीबीटीक्यू+ सदस्यों और आप्रवासी परिवार शामिल हैं।

मंगलवार को अपने 15 मिनट भाषण दौरान, बुडे ने सीधे ट्रंप को संबोधित किया, जो आगे की पंक्ति में पत्नी मेलानिया के साथ बैठे थे। उन्होंने कहा, हमारे भगवान के नाम पर, मैं आपसे (ट्रंप) हमारे देश के उन लोगों पर दया करने के लिए कहती हूं जो अब डरे हुए हैं। बुडे ने देश भर में 'डेमोक्रेटिक, रिपब्लिकन और स्वतंत्र परिवारों में समलैंगिक, लेस्बियन और ट्रांसजेंडर बच्चों' का उल्लेख किया 'जिन्हें अपने जीवन के लिए डर सता रहा है।' बिशप ने अप्रवासी श्रमिकों के लिए भी आवाज उठाई, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके पास 'उचित दस्तावेज़ नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि उनमें से अधिकांश 'अपराधी नहीं' बल्कि 'अच्छे पड़ोसी' हैं।ट्रंप बिशप के भाषण से खासे नाराज हैं। उन्होंने बुडे से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। राष्ट्रपति ने मंगलवार की सुबह ट्रुथ सोशल पर बिशप को 'कट्टरपंथी वामपंथी और ट्रंप विरोधी' बताया जो 'अपने चर्च को बहुत ही अप्रिय तरीके से राजनीति की दुनिया में ले आई'। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिशप मैरिएन एडगर बुडे, न्यू जर्सी और कोलोराडो में पली-बढ़ी हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क में रोचेस्टर विश्वविद्यालय से इतिहास में बीए की डिग्री ली। उनके पास वर्जीनिया थियोलॉजिकल सेमिनरी से मास्टर ऑफ डिविनिटी डिग्री (1989) और डॉक्टर ऑफ मिनिस्ट्री डिग्री (2008) भी है। बुडे ने मिनियापोलिस, मिनेसोटा में सेंट जॉन्स एपिस्कोपल चर्च के रेक्टर के रूप में लगभग दो दशक (18 वर्ष) तक जिम्मेदारी निभाई।

बिशप बुडे कोलंबिया जिले और चार मैरीलैंड काउंटियों में 86 एपिस्कोपल सभाओं और दस एपिस्कोपल स्कूलों के आध्यात्मिक नेता के रूप में कार्य करती हैं।

## अमेरिका के स्कूल में फिर गोलीबारी, एक छात्र ने की दूसरे की हत्या; फिर खुद को मारी गोली

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राज्य टेनेसी के नैशविले में एक स्कूल में गोलीबारी हुई है। फायरिंग में हमलावर छात्र समते दो की मौत हो गई। मेट्रो नैशविले पुलिस विभाग ने कहा है कि बुधवार को सुबह 11:09 बजे गोलीबारी की पहली कॉल 911 आपातकालीन नंबर पर आई थी। पुलिस ने कहा कि शूटर ने एक छात्र की हत्या करने के बाद खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस हादसे में एक अन्य छात्र को हल्की चोट आई है।पुलिस ने मृतक की पहचान 16 वर्षीय जोसेलिन कोरिया एस्केलेंटे और शूटर की पहचान 17 वर्षीय सोलोमन हेंडरसन के रूप में की है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट (मेट्रो स्कूल) ने एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा, एंटिओक हाई स्कूल की इमारत के अंदर गोलीबारी हुई जिसकी वजह से स्कूल को बंद कर दिया गया है। मेट्रो पुलिस मौके पर है। गोलीबारी के लिए जिम्मेदार व्यक्ति से अब कोई खतरा नहीं है।

# अमेरिका से वापस भेजे जाएंगे बिना कागज वाले 20 हजार भारतीय, अब विदेश मंत्री जयशंकर ने कही ये बड़ी बात

वॉशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड अवैध आव्रजन (इलीगल इमिग्रेशन) पर सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन मैक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा पर अपराधियों को चिह्नित कर रही है, जो बिना किसी कागजात के देश में दाखिल हुए हैं। अमेरिका में करीब 20,000 से अधिक भारतीय हैं, जो बिना किसी कागजात के अमेरिका में मौजूद हैं। आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका इन लोगों को भारत भेजने की प्लानिंग कर रहा है। भारत सरकार भी इस मामले पर ट्रंप प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की उनके देश में वैध वापसी के लिए तैयार है। हालांकि, बिना कागजात के अमेरिका में कितने लोग मौजूद हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है। एस जयशंकर ने कहा कि हम चाहते हैं कि भारतीयों की प्रतिभा दुनिया



दुनिया देखे। हम चाहते हैं कि प्रतिभाशाली भारतीय वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाएं, लेकिन अवैध प्रवासन का हम विरोध करते हैं। जयशंकर ने कहा, अगर हमारा कोई नागरिक अवैध रूप से वहां है, और अगर हमें यकीन है कि वे हमारे नागरिक हैं, तो हम हमेशा उनकी वैध भारत वापसी के लिए तैयार हैं।

अमेरिका में मौजूद लाखों भारतीयों की बढ़ी चिंता

अमेरिका में लगभग 1,80,000 भारतीय मौजूद हैं, जिनके पास कोई कागजात नहीं है या अपने वीजा अवधि से अधिक समय तक रुके हुए हैं। इस मामले पर हम अमेरिका के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हालांकि, उन्हें अमेरिका द्वारा वीजा देने पर देरी का मामला भी उठाया। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश किसी व्यक्ति को वीजा देने के लिए 400 से भी ज्यादा दिनों तक इंतजार करवाता है तो यह सही नहीं है।

अमेरिकी प्रशासन की ओर से तैयार दस्तावेजों के अनुसार अमेरिका में लगभग 18 हजार ऐसे भारतीय हैं जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (ICE) के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2024 तक 20407 लोग ऐसे थे जिन्हें अमेरिका 'बगैर दस्तावेजों' अथवा 'अधूरे दस्तावेजों' के बताता है।

## माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का सपना हुआ महंगा, सरकार ने 36 प्रतिशत बढ़ाया परमिट शुल्क

काठमांड (आरएनएस)। नेपाल सरकार ने माउंट एवरेस्ट या माउंट कोमोलांगमा पर चढ़ाई के परमिट शुल्क बढ़ा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विदेशियों के लिए चढ़ाई शुल्क 11,000 डॉलर से बढ़ाकर 15,000 डॉलर कर दिया गया, जो 36 प्रतिशत की वृद्धि है। संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक अफसर माधव अधिकारी ने कहा, नई दर 1 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने सिन्हुआ को बताया, इस वसंत में माउंट कोमोलंगमा पर चढ़ने की इच्छा रखने वालों को बढ़ी हुई फीस नहीं देनी होगी।

इस बीच, नेपाल और चीन के बीच स्थित दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की योजना बनाने वालों को पतझड़ के मौसम में 5,500 डॉलर की जगह 7,500 डॉलर का भुगतान करना होगा। सर्दियों और मानसून के मौसम के लिए शुल्क 2,750 डॉलर से बढ़कर 3,750 डॉलर हो गया है।

# खेल समाचार

## कर्नाटक के सामने सिर्फ 55 रन पर ढ़ेर हुई पंजाब, शुभमन-प्रभसिमरन-रमनदीप बुरी तरह फ्लॉप

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी खेलने का दिया गया आदेश फिलहाल सफल होता दिखाई नहीं दे रहा है. रणजी खेलने उतरे अधिकांश स्टार खिलाड़ी फ्लॉप रहे हैं. बात अगर शुभमन गिल की पंजाब की करें तो कर्नाटक के सामने इस टीम का बुरा हाल है. गिल खुद भी फ्लॉप रहे हैं.शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में फ्लॉप रहे थे. उन्हें रणजी खेलने की सलाह बोर्ड ने दी थी. गिल कर्नाटक के खिलाफ रणजी खेलने उतरे लेकिन फ्लॉप रहे. गिल की पारी की शुरुआत करने उतरे थे लेकिन 8 गेंद पर सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए. कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था. मयंक अग्रवाल का ये फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ. कर्नाटक के गेंदबाजों ने पंजाब को पहली पारी में सिर्फ 55 रन पर समेट दिया. 16 रन बनाकर रमनदीप सिंह टॉप स्कोरर रहे. मयंक मार्कंडे ने 12 रन बनाए. वी कौशिक ने 4, अभिलाष शेट्टी ने 3, प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 और यशोवर्धन प्रंताप ने 1 विकेट लिए.रणजी ट्रॉफी का एक मैच मुंबई और जम्मू कश्मीर के बीच भी खेला जा रहा है. मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया था जो गलत साबित हुआ. टीम 120 रन पर सिमट गई. ये रन भी तब बने जब 8 वें नंबर पर उतरे शार्दुल ने 51 और नौंवे नंबर पर उतरे तनुष कोटियान ने 26 रन बनाए. लंबे समय बाद रणजी खेलने उतरे रोहित शर्मा फ्लॉप रहे. वे सिर्फ 3 रन बना सके. यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे भी फ्लॉप रहे. जायसवाल 4, रहाणे 12, श्रेयस 11 और दुबे 0 पर आउट हो गए. कश्मीर के लिए उमर नजीर मीर ने 4, युदवीर सिंह ने 4 जबकि आकिब नबी ने 2 विकेट लिए.

## आरसीबी को आईपीएल 2025 से पहले बड़ा झटका, 23 करोड़ की तिकड़ी रही फ्लॉप

नईदिल्ली, (आरएनएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल की एक ऐसी टीम है जो अब तक कभी चैंपियन नहीं बन पाई. टीम ने कई बार फाइनल में जगह बनाई, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा. पिछले सीजन में पहले सात मैचों में टीम का प्रदर्शन बहुत खराब था, लेकिन फिर उन्होंने जोरदार वापसी की और प्लेऑफ में जगह बनाई. हालांकि, एलिमिनेटर में हार गई. अब नए सीजन से पहले आरसीबी ने अपनी टीम को और मजबूत करने की पूरी कोशिश की है. लेकिन भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी-20 मैच के बाद आरसीबी के फैंस को एक बड़ा झटका लगा.इस मैच में आरसीबी ने इंग्लैंड के तीन खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया था और उन्हें खरीदने के लिए बहुत पैसा खर्च किया था. इन तीन खिलाड़ियों में फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल थे. आरसीबी ने इन तीनों को खरीदने के लिए कुल 23 करोड़ रुपये खर्च किए थे. लेकिन जब भारत के खिलाफ पहला टी-20 मैच हुआ, तो ये तीनों खिलाड़ी बिल्कुल फ्लॉप हो गए. आरसीबी ने फिल साल्ट को 11.50 करोड़ रुपये में खरीदा था. पिछले सीजन में साल्ट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार खेल दिखाया था. उन्होंने 12 मैचों में लगभग 40 की औसत और 182 की स्ट्राइक रेट के साथ 435 रन बनाए थे. लेकिन भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच में वह कुछ खास नहीं कर पाए और दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके. इस वजह से आरसीबी के फैंस को काफी निराशा हुई.लियाम लिविंगस्टोन को आरसीबी ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था. वह पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के लिए संघर्ष कर रहे थे और इस बार भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. इसके अलावा, इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को आरसीबी ने 2.60 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह भी भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच में फ्लॉप रहे. इन तीनों खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन ने आरसीबी के फैंस को निराश किया, क्योंकि इन पर टीम ने काफी पैसा खर्च किया था. लेकिन क्रिकेट में कभी भी कुछ भी हो सकता है, और उम्मीद की जाती है कि ये खिलाड़ी आगे आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# मुझे कप्तान और कोच ने खुलकर खेलने की आज़ादी दी : अभिषेक



कोलकाता, (आरएनएस)। भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा के लिए पिछले एक-दो साल बहुत शानदार रहे हैं और उन्होंने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारत की टी20 टीम में अपनी जगह पक्की की है। कोलकाता में इंग्लैंड के खि़लाफ़ पहले टी20 मैच में भी उन्होंने 34 गेंदों में 79 रनों की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और आठ गगनचुंबी छक्के शामिल थे।हालांकि इस दौरान अपने 12 में से आठ टी20 पारियों में वह 20 से कम के स्कोर पर आउट हुए हैं। भारत के पास सलामी बल्लेबाज़ों के कई विकल्प भी है, लेकिन 24-वर्षीय अभिषेक पर जगह खोने का लगातार दबाव भी रहता होगा।हालांकि अभिषेक ने इससे इनकार किया है। उन्होंने बताया कि उनके कोच और कप्तान ने कहा है कि वह कभी भी अपने खेल की शैली को नहीं बदले, जिससे उन्हें खुलकर फ़ीयरलेस क्रिकेट खेलने की आज़ादी मिली है। अभिषेक ने मैच के बाद हुए प्रेस कॉन्फ़्रेंस में कहा, मैं हमेशा से एक टीम प्लेयर हूं और यह भी जानता हूं कि भारत में हमेशा टीम चयन की प्रतिस्पर्धा रहती है। लेकिन जब मेरे कोच और कप्तान ने मुझसे हमेशा अपना इंटेंट बनाए रखने को कहा, वह मेरे लिए एक बड़ा पल था। एक बल्लेबाज़ के रूप में जब आप तीन-चार पारियों में रन नहीं बना पाते हैं तो आपके दिमाग़ में ये बातें चलती हैं।लेकिन जब मैं रन नहीं बना रहा था तब भी कप्तान और कोच ने मेरा समर्थन किया और लगातार कहते रहे कि हमें पता है कि आप हमारे लिए मैच जीतने जा रहे हैं। आप बस जाइए और अपने आपको एक्सप्रेस करिए। जब कोच और कप्तान ऐसा कहते हैं तो आपको आत्मविश्वास मिलता है और आप अपने आपको बैक करते हो।अभिषेक ने अपनी उस सफलता का श्रेय युवराज सिंह और ब्रायन लारा को भी दिया। उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे पहले युवी पाजी (युवराज सिंह) और फिर एसआरएच में ब्रायन लारा मिले। डैनियल वेटोरी (एसआरएच के प्रमुख कोच) भी बहुत सिंपल हैं और वह भी मुझे ख़ुद को आज़ादी से व्यक्त करने का अवसर देते हैं। गौती भाई भी लगभग ऐसा ही करते हैं। अभिषेक ने अपनी इस पारी का श्रेय भारत के नवनियुक्त कोच सितांशु कोटक को भी दिया। उन्होंने बताया, इस सीरीज़ से पहले मैं कुछ ऐसे गेंदबाज़ों का सामना करना चाहता था, जो मुझे मैच में भी मिले। कोटक सर और अभिषेक नायर भाई ने मेरी इसमें मदद की। उन्होंने नेट्स में मुझे कुछ वैसे ही गेंदबाज़ दिए।

## दिव्यांग क्रिकेटर से मिले बटलर , बल्ले पर ऑटोग्राफ दिया



कोलकाता (ए)। इंग्लैंड की टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर को लेकर एक विडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें बटलर भारतीय क्रिकेट टीम से हुए टी20 मुकाबले से पहले एक दिव्यांग प्रशंसक से मिलते और उसके ऑटोग्राफ देते नजर आ रहे हैं। बटलर ने व्हीलचेयर पर रहने वाले इस प्रशंसक और दिव्यांग क्रिकेटर धर्मवीर पाल से बात कर उसके बल्ले पर हस्ताक्षर किए। इसके लिए लोगों ने इंग्लैंड के कप्तान की जमकर प्रशंसा की है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिखता है कि बटलर धर्मवीर के पा जाकर उससे बात करते देखते हैं। वीडियो की शुरूआत बटलर के रूम में जाने से पहले धर्मवीर की ओर मुड़ने से होती है। बटलर ने उनसे बात कर ऑटोग्राफ दिया। इससे धर्मवीर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धर्मवीर ने अपनी हिम्मत और पदर्शन के आधार पर दिव्यांग के तौर पर भारतीय टीम में जगह बनाकर अपनी पहचान बनायी है।

## रोहित शर्मा ने जिसे टीम से निकाला, उसी ने बचाई इज्जत, 100 रन भी नहीं बना पाती मुंबई

नईदिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप के बाद एक ऑलराउंडर को टीम इंडिया से ड्रॉप कर दिया था. किसी



भी खिलाड़ी को सेलेक्ट करने यटा ड्रॉप करने में कप्तान की अहम भूमिका होती है. इसलिए इस ऑलराउंडर को टीम से बाहर करने में कप्तान रोहित शर्मा की रजामंदी भी निश्चित रुप से रही होगी. टेस्ट में अच्छे रिकॉर्ड के बाद भी रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए इस खिलाड़ी को मौका नहीं दिया था. अब इसी खिलाड़ी ने रोहित के टीम का सम्मान रणजी ट्रॉफी में बचाया है. रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरु हो चुका है. मुंबई का मुकाबला जम्मू कश्मीर के खिलाफ है. टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने 47 पर 7 विकेट गंवा दिए थे. ऐसा लग रहा था कि टीम मुश्किल से 60-65 रन बना सकेगी. लेकिन 8 वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने 51 रन की पारी खेल टीम को 120 तक पहुचाया. अगर शार्दुल का अर्धशतक नहीं आता तो मुंबई की स्थिति और भी शर्मनाक होती. रणजी ट्रॉफी खेल अपना फॉर्म सुधारने चले मुंबई के रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर बुरी तरह फ्लॉप रहे. रोहित 3 रन जायसवाल 4, रहाणे 12, श्रेयस 11 और दुबे 0 पर आउट हो गए. कश्मीर के लिए उमर नजीर मीर ने 4, युदवीर सिंह ने 4 जबकि आकिब नबी ने 2 विकेट लिए।

## पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा ने खेल की खराब हालत के लिए टेनिस प्रशासकों को जिम्मेदार बताया

### खेल को आगे बढ़ाने बदलाव करने होंगे



नई दिल्ली (ए)। पूर्व ओलंपियन मनीषा मल्होत्रा ने कहा है कि देश में टेनिस की खराब हालत के लिए टेनिस महासंघ और इसके प्रशासकों को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि खेल को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए कई बदलाव करने होंगे। मनीषा ने कहा कि अभी पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर उनके प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है। अभी रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान पर आने के साथ ही देश के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर अब उनका करियर समाप्त होने को है। वहीं महिला एकल में एक भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 में भी नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए इसके खेल प्रशासन पर निशाना साधा है।इस पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी ने कहा, '' अभी टेनिस की हालत काफी खराब है। मैं सोचने लगती हूं कि टेनिस इतना अच्छा खेल था जहां हमारे पास इस खेल की इतनी अच्छी विरासत थी। रामानाथन कृष्णन के समय से ही ऐसा था जिसे हमने पूरी तरह से समाप्त कर दियाहै।'' उन्होंने कहा, ''आज की तारीख में अगर कोई प्रगति नहीं है, कोई खिलाड़ी नहीं है तो यह हमारी ही गलती है। मुझे यह देखकर काफी दुख होता है क्योंकि मैं आज जो भी हूं टेनिस के कारण ही हूं।

## महिला एचआईएलः सूरमा हॉकी क्लब फाइनल से एक कदम दूर

रांची, (ए)। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।

मुख्य कोच जूड मेनेजेस ने मैच से पहले कहा,इस पूरे अभियान के लिए हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अब केवल श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस स्तर पर हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उस मैच के बाद, हम आगे देखते हैं कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है।

सूरमा लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। वे पूल चरण में अंतिम मैच से पहले 10 अंक अर्जित करने के लिए तीन जीत और एक ड्रॉ हासिल करके तालिका में शीर्ष पर हैं।

# प्रदेश के साथ ही जिले में चलाया जा रहा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, 95 हजार आवेदनों का हो चुका है निराकरण

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान से मिल रहा योजनाओं का लाभ, हो रहा है शिकायतों का निराकरण



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का जिले में प्रभावी रूप क्रियान्वयन हो रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत अभी तक नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 700 जनकल्याण शिविर लगाए गए हैं। जिले में अभी तक कुल एक लाख आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 95 हजार आवेदन पत्रों पर कार्रवाई कर निराकृत कर लिया गया है।

### विकासखंडवार जनकल्याण अभियान की प्रगति

कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि सीहोर विकासखंड में कुल 154 जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 21,311 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार आष्टा विकासखंड में कुल 124 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 20,170 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। भैरूंदा विकासखंड में कुल 86 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 10,756 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। इछावर विकासखंड में कुल 48 शिविर आयोजित कर कुल 10,106 आवेदन निराकृत किए गए हैं। बुधनी विकासखंड में कुल 66 शिविर आयोजित कर 13,365 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

### नगरीय निकायवार जनकल्याण अभियान की प्रगति

कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि सीहोर में अभी तक कुल 35 जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए है, जिनमें 4202 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार आष्टा में कुल 18 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें 1570 आवेदन निराकृत किए गए हैं। भैरूंदा में अभी तक 15 शिविर आयोजित कर 2049 आवेदन निराकृत किए गए हैं। रेहटी में अभी 12 शिविर आयोजित कर कुल 308 आवेदन निराकृत किए गए हैं। शाहगंज में अभी तक 15 शिविर आयोजित कर कुल 1231 आवेदन निराकृत किए गए हैं। बुधनी में 15 शिविर आयोजित कर कुल 6905 आवेदन निराकृत किए गए हैं। इछावर में 15 शिविर आयोजित कर कुल 1635 आवेदन निराकृत किए गए हैं। जावर में 15 शिविर आयोजित कर कुल 160 आवेदन निराकृत किए गए हैं तथा कोठरी में 15 शिविर आयोजित कर कुल 466 आवेदन निराकृत किए गए हैं।

## *अमानक उर्वरक एवं कीटनाशक बेचने वाले विक्रेताओं की अनुज्ञप्तियां निलंबित*

*सीहोर (निप्र)। उर्वरक गुण नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अमानक उर्वरक का व्यवसाय करने पर सीहोर विकासखंड के जामोनिया रोड़ स्थित मेसर्स अमित कृषि सेवा केन्द्र, आष्टा के अलीपुर मेन रोड़ स्थित यशराज ट्रेडर्स की जारी उर्वरक अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है। इसके साथ ही अन्य केंद्रो पर भी कार्रवाई की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केके पांडे ने जानकारी दी कि इसके साथ ही अमानक उर्वरक निर्माता कंपनी एवं विक्रेता बुधनी विकासखंड के सत्रामाऊ स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, भैरूंदा विकासखंड के बालागांव स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, भैरूंदा विकासखंड के इटारसी स्थित मेसर्स बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, निमोटा स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, लाड़कुई स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बाईबोड़ी स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, आष्टा विकासखंड के जावर मेन रोड़ स्थित मेसर्स रामचन्दर गौवरधन लाल, हकीमाबाद स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, जावर स्थित मेसर्स बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, भैरूंदा विकासखंड के गोपालपुर स्थित मेसर्स निवेश कृषि सेवा केन्द्र, बुधनी विकासखंड के मरदानपुर स्थित मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित एवं इछावर विकासखंड के अमलाहा स्थित मेसर्स प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित का अमानक लाट पर क्रय-विक्रय एवं स्थानांतरण प्रतिबंधित कर दिया गया है।*

# डाइट की प्राचार्य और डाइट की ऐकडेमिक टीम के सदस्यों ने भेरूंदा और बुधनी के स्कूल का अकास्मिक अवलोकन किया




सीहोर (निप्र)। डाइट की प्राचार्य और डाइट की ऐकडेमिक टीम के सदस्यों ने दिनांक को गुरुवार 23 जनवरी 2025 को भेरूंदा और बुधनी के स्कूल का अकास्मिक अवलोकन किया । प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय कोसमी में 3 शासकीय शिक्षक और 3 अतिथि शिक्षक हे एक शिक्षिका और एक अतिथि शिक्षक था वो भी 3-45 पर बच्चों की छूटी कर स्कूल में ताला लगाकर रोड़ पर बस का इंतजार कर रहे थे ।पूछने पर बताया कि मुझे 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं । शादाब खान के शिक्षक उपस्थिति पंजी में दिनांक 20 से 23 जनवरी तक और शाहिदा बानो के 23 के हस्ताक्षर नहीं थे ।अतिथि में सुनील मालवीय और लता बरेला अनुपस्थि थे । प्राथमिक विद्यालय दुर्गा नायक में भी बच्चे उपस्थिति नहीं थे। 2 शिक्षक में से एक शिक्षक उपस्थित थे ।प्राथमिक विद्यालय आमडों में भी बच्चों का शैक्षिक स्तर अच्छा नहीं था । प्राथमिक विद्यालय वार्धा में 79 दर्ज बच्चे हैं उपस्थित बच्चे कम थे। 4 अतिथि शिक्षक थे ।सभी शिक्षक एक रूम में सभी क्लास के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ा रहे थे ।डाइट प्राचार्य ने ओलंपियाड परीक्षा का अवलोकन किया साथ ही छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए ।

# गेहूं पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन शुल्क सहित समस्त जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश

### पंजीयन कार्य करने के लिए एजेंसी एवं संचालक को कराना होगा अपना पंजीकरण

सीहोर (निप्र)। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए ई उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन 20 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 31 मार्च 2025 तक किया चलेगा। जिला पंचायत सीईओ ने सशुल्क पंजीयन व्यवस्था वाले पंजीयन स्थलों पर प्रारूप के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा निर्धारित पंजीयन शुल्क 50 रूपये प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पंजीयन केंद्र पर पंजीयन करने वाली संस्था का नाम, संचालक का नाम एवं मोबाइल नंबर, ऑपरेटर का नाम एवं मोबाइल नंबर, किसान पंजीयन की अवधि, पंजीयन शुल्क 50 रूपये प्रति पंजीयन, पंजीयन के समय किसान को भू अधिकारी ऋण पुस्तिका/खसरा की प्रति एवं पहचान स्वरूप आधार कार्ड, बैंक खाता, आधार लिंक मोबाईल नंबर लाना अनिवार्य होगा, पंजीयन में किसी प्रकार की समस्या होने पर सीएम हेल्पलाइन 181 अथवा जिला उपार्जन नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 9425665036, 9753393992 पर संपर्क करें आदि बिंदुओं को प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संचालनकर्ता/ऑपरेटर द्वारा कृषक को पंजीयन के बाद पंजीयन का प्रिंट आउट व पंजीयन शुल्क प्राप्ति का देयक दो प्रतियों में तैयार कर संचालक व कृषक के हस्ताक्षर की एक प्रति किसान को दी जाए एवं दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रखें। पंजीयन केन्द्र ऑपरेटर द्वारा किसान के पंजीयन संबंधी अभिलेख का साधारण हार्ड कॉपी में अनिवार्य रूप से किया जाए एवं पंजीयन केन्द्र के निरीक्षण दौरान जांचकर्ता अधिकारी के मांगने पर उपलब्ध कराए जाएं तथा निरीक्षण कार्य सहयोग किया जाए।

# राम कथा के चौथे दिन बाल लीलाओं का सुनाया वर्णन

### बच्चों को बचपन से ही राम की कथा सुनाई जाए तो राम के जैसे ही संस्कार आएंगे : बाबू दास वैष्णव



सीहोर (निप्र)। मंडी क्षेत्र में स्थित श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित हो रही संगीतमय श्री राम कथा के चौथे दिन गुरुवार को पंडित बाबू दास वैष्णव ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान राम के जन्मोत्सव के बाद उनकी बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए कहा कि बच्चों को यदि बचपन से ही भगवान राम की कथा सुनाई जाए तो बच्चों में भगवान राम के जैसे ही संस्कार आएंगे। रामकथा सुनने से घर-घर में भगवान राम पैदा होंगे। पंडित श्री वैष्णव ने प्रभु श्रीराम के नामकरण, जनेऊ संस्कार और बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और रोचक चित्रण किया। उन्होंने बताया कि जब दशरथ नंदन श्री राम का जन्म कौशल्या की कोख से हुआ, तो अयोध्या नगरी में अद्वितीय आनंद और उल्लास का माहौल छा गया। अतिथियों का सैलाब अयोध्या की ओर उमड़ा। सभी देवता, यहां तक कि भोले भंडारी महादेव भी प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अवध में आए। कथा व्यास ने बताया कि अनुसार, ब्रह्मा सहित सभी देवता भगवान श्रीराम का दर्शन कर स्तुति करने के बाद लौट गए, लेकिन भगवान शंकर प्रभु की बाल लीलाओं में ऐसे रम गए कि वे अयोध्या की गलियों में विभिन्न वेश धारण कर विचरण करने लगे। कभी राजा दशरथ के राजमहल में गायक बनकर, तो कभी भिक्षु के रूप में भगवान के दर्शन करते। शंकरजी का अपने आराध्य के प्रति यह अद्वितीय प्रेम और समर्पण कथा के श्रोताओं के हृदय को छू गया। कथा के दौरान बताया कि राजा दशरथ ने अपने गुरु वशिष्ठ से चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार करवाया। श्री राम सहित चारों भाइयों ने अपने गुरुजनों और माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद भगवान श्रीराम ने बाल्यकाल में ही ताड़का का वध किया और ऋषि मुनियों को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई।

# राष्ट्रीय कवि संगम एवं जनसहयोग सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया



सीहोर (निप्र)। स्थानीय फ्रीगंज में राष्ट्रीय कवि संगम एवं जनसहयोग सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर काव्य एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हरिओम दाऊ शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में अनाड़ी हीरालाल जायसवाल उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों नेताजी सुभाषचन्द्र बोस एवं जनसहयोग सेवा समिति के संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय शिवनारायण चौकसे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सरस्वती वन्दना युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.विजेन्द्र जायसपाल ने किया। हरिओम दाऊ शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी तो सिर्फ सुभाष चन्द्र बोस थे, बाकि सबतो लेता जी लेता जी हैं। हीरालाल जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी ने विदेश में रहकर भी अपनी सेना बनाकर भारत में अंग्रेजों के होश उड़ा दिये थे। लक्ष्मण चौकसे ने कहा कि अगर वास्तव में कुछ लोग नेताजी का साथ उस समय दे देते तो भारत उसी समय आजाद हो जाता।

# पूरी दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हैं-जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित



सीहोर (निप्र)। संत परंपरा पूरी दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना करते हैं कि सब सुखी हों पूरा विश्व अपना परिवार है। यह सिर्फ सनातन धर्म में है और सनातन धर्म को मानने वाले अधिकतम भारत में ही हैं। हमारा परिवार सीमित नहीं होता पूरा विश्व हमारा परिवार है, जब उस व्यक्ति के मन में पूरे विश्व के प्रति सद्भावना जागृत होती हैं और वह जनसेवा की दृष्टि से आगे बढ़ता है, तब जीवन में वह संन्यास ग्रहण कर लेता है। उक्त विचार शहर के चाणक्यपुरी स्थित अपने निज निवास बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे।

गुरुवार को कुंभ से लाइव प्रेसवार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित को जगद्गुरु के रूप में अभिषेक का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025 में किया गया था। इस मौके पर सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा सहित अनेक नागों संतों और साधुओं के मध्य पंडित श्री पुरोहित का अभिषेक किया गया था। उन्होंने सनातन धर्म को शिखर में पहुंचाने वाले और कथाओं के बल पर जन-जन तक धर्म को पहुंचाने वाले सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित अब जगदगुरु की उपधी प्राप्त कर चुके है। हमारे द्वारा मध्यप्रदेश के गृह विभाग और शासन को पत्राचार कर प्रोटोकाल की जानकारी भेजी गई है।

इस मौके पर जगदगुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि संत एक विचारधारा है, जिसके लिए किसी संप्रदाय में संत के रूप में दीक्षित होने का प्रावधान है। संत बनने के बाद जब वह कुंभ में जाता है तब अखाड़े में उसको महामंडलेश्वर की पदवी दी जाती है, तभी वह मंडल का महामंडलेश्वर बन जाता है। इसी प्रकार उसको जगदगुरु के रूप में अनेक कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।प्रेसवार्ता के दौरान जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा की ओर से हिंदू आचार संहिता को बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसे बनाने में श्रीमद्भागवद गीता, रामायण, महाभारत, पुराणों, मनु स्मृति, पराशर स्मृति, देवल स्मृति की भी मदद ली जाएगी, प्रयागराज महाकुंभ 2025 में बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारियां हुई है। उन्होंने कहा कि देश में जगदगुरु का पद बहुत ही सम्मान की बात होता है, जगद गुरु को पूरे देश में राष्ट्रीय अतिथि के रूप में मिलता है।

## भोपाल से सीहोर, आष्टा इंदौर आने-जाने वाली यात्री बसों का मार्ग परिवर्तित

सीहोर (निप्र)। बैरागढ़ भोपाल के मेन रोड़ पर डबल डेकर ब्रिज का निर्माण कार्य चलने के कारण सीहोर, आष्टा, इंदौर की ओर आने-जाने वाली सभी यात्री बसों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। अब इस ओर आने-जाने वाली सभी बसें हलालपुर से लालघाटी ब्रिज, वहां से गांधीनगर से बायपास होते हुए सीहोर पहुंचेंगी।

# प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना से श्रीमती शकुंतला लोधी ने खोली कपड़ों की दुकान

सीहोर (निप्र)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना भी उन्ही योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगो, छोटे व्यापारियों और रेहड़ी, ठेले वालों तथा फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा 10 हजार रूपये से 50 हजार रुपये तक का लोन दिया जाता है। सीहोर निवासी श्रीमती शकुंतला लोधी भी उन हितग्राहियों में से एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना का लाभ मिला है। श्रीमती शकुंतला कहती हैं कि में बहुत समय से अपनी कपड़ों की दुकान शुरू करने के बारे में सोच रही थी, पर कमजोर आर्थिक स्थिति और पैसे न होने के कारण मैं अपनी दुकान नही खोल पा रही थी। फिर मैंने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के लिए आवेदन किया और मुझे इस योजना के तहत 10 हजार रूपये का लोन मिला। मैने लोन की राशि से छोटे स्तर पर अपनी कपड़ों की दुकान खोली और अपना व्यवसाय शुरू किया। इसके पश्चात मुझे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 20 हजार का लोन मिला जिससें मेरी दुकान की और अधिक प्रगति हुए। श्रीमती शकुंतला लोधी कहती हैं कि, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना से मिले लोन के कारण आज मेरा रोजगार बहुत अच्छे से चल रहा है। श्रीमती शकुंतला लोधी ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

# किराया नहीं मिला तो उपार्जन के लिए नहीं देंगे गोदाम, वेयर हाउस संचालकों ने दी प्रशासन को बड़ी चेतावनी

### बिकने की कगार पर पहुंचे वेयर हाउस गोदाम, लाखों रूपये का भंडारित अनाज हो रहा है खराब
### कलेक्टर को दिया एसोशिएसन ऑफ वेयर हाउस ऑनर्स ने सीएम के नाम का ज्ञापन




सीहोर (निप्र)। गेंहू उपार्जन में इस वर्ष प्रशासन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकी वेयर हाउस संचालकों ने बकाया किराया नहीं मिलने पर गेंहु भंडारण के लिए गोदाम उपलब्ध कराने से साफ इंकार कर दिया है। प्रशासन अगर मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन से निजी वेयर हाउस संचालकों को तीन वर्षो से बकाया करोड़ों रूपये का किराया दिला पाने में असफल रहा तो इस का खामियाजा लाखों किसानों को भी भुगतना पड़ सकता है।गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसोसिशन ऑफ वेयर हाउस ऑनर्स मध्य प्रदेश के आहवान पर जिले के वेयर हाउस संचालकों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर प्रवीण सिंह को दिया है। शासन के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा 2016-17 में प्याज का भंडारण भी किया था जिसका किराया अभी तक नहीं मिला है इसी प्रकार धान का किराया भी बीते 3 वर्षो से लम्वित है गेंहू, मूंग, चना, चावल सभी स्कंधों का किराया भी कई वर्षो से नहीं मिला हैं। जिस के चलते वेयर हाउस संचालक बैंको का ऋण नहीं चुकाने के कारण डिफाल्टर हो गए है। हालात ऐसे की गोदाम नीलामी की कगार पर आ गए हैं। वेयर हाउस संचालक कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रहे है। पैसा नहीं होने से अनाज का किटोपचार भी नहीं हो पा रहा है जिस कारण अनाज भी खराब हो रहे हैं जिस से सरकार और संचालकों को काफी हानि हो सकती है।

### ऋण लेकर गोदामों का निर्माण

वेयर हाउस संचालकों ने बताया की भारत सरकार की ग्रामीण भंडारण योजना के तहत बैंकों से करोड़ रूपये का ऋण लेकर गोदामों का निर्माण किया गया है। इन सभी वेयर हाउस को मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन को उपलब्ध कराकर गेंहू, धान, मूंग, चावल, चना, सरसों एवं अन्य सभी प्रकार के शासकीय खरीदी के स्कंधों का भंडारण करने में वर्षो से वेयर हाउस संचालक सहयोग कर रहे हैं।

## उत्कृष्ट सीहोर में धूमधाम से सुभाष जयंती मनाई गई



सीहोर (निप्र)। स्थानीय,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1, सीहोर में सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित गए। प्रति वर्ष 23 जनवरी को मनाया जाता है, जिसे पराक्रम दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वर्ष, सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती मनाई गई ।

जिसमें सुभाष के जीवन और आदर्शों को याद करते हुए डॉ.देवेंद्र साहू ने बताया कि नेताजी ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे जोशीले नारों से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी थी । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीके राय द्वारा बताया कि नेताजी द्वारा दिल्ली चलो और जय हिंद के नारे ने देश के युवाओं में उत्साह भर दिया था। प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि छात्र ,नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को साझा करेंगे और सीखेंगे।

# तीन बार नेशनल में जलवा दिखाने वाले युवराज कन्नोजिया का चयन यूथ लीग में

सीहोर (निप्र)। शहर के प्रतिभाशाली स्ट्राइकर और तीन बार नेशनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाने वाले युवराज कन्नोजिया का चयन हैदराबाद में आगामी दिनों में होने वाली जूनियर मध्यप्रदेश युथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बचपन से ही शहर के चर्च मैदान पर खेलने वाले जूनियर खिलाड़ी युवराज किसी पहचान के मोहताज नहीं है और तीन बार नेशनल में शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके है। नेशनल प्रतियोगिता में कलकत्ता, मध्यप्रदेश के जबलपुर और जम्मू-कश्मीर में अपनी टीम के लिए प्रदर्शन किया था।



इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सीनियर कोच मनोज कन्नोजिया, विपिन पवार और मनोज अहिरवार के सानिध्य में प्रशिक्षण लेने वाले युवराज के चयन पर खेल संगठनों और खिलाड़ियों ने युवराज को बधाई दी है। इसके अलावा गुरुवार को शहर के चर्च मैदान पर दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सीहोर गर्ल्स और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर गर्ल्स ने सीहोर बाइज को 1-0 से हराया। इस मैच में सीहोर गर्ल्स की ओर से माया गौर ने एक मात्र गोल किया। वहीं एक अन्य मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर रेड के मध्य 2-2 से बराबरी पर रहा। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अंतिम समय पर वंश माहेश्वरी ने 2 गोल किए थे। इधर सीहोर रेड की ओर से शिवांग-मोहित कुशवाहा ने 1-1 गोल किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com